भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

जागरूक जनता

जयपुर, 17 मई - 23 मई, 2023

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net
/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta

ज्येष्ठ, पक्ष - कृष्ण, तिथि - त्रयोदशी, संवत 2080 पृष्ठ : 8+2 बुधवार वर्ष-9, अंक-12, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

अब विवाह नहीं सौदे होने लगे हैं!

सटीक

शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

पहले कहा जाता था कि खांदा (गांवों में मिट्टी खोदने की जगह) मिट्टी और जाति की बेटी में कोई बुराई नहीं है। यानि की पवित्र मानी जाती है। अब ये सब बातें पीछे छूट गई है। गौण हो गई है। जिस तरह गाड़ियों का बाजार सजा रहता है उस तरह आजकल रिश्तों का भी बाजार सजने लगा है। अब तो रिश्तों की नहीं बेहतरी की तलाश रहती है। विवाह के लिए रिश्ता ढूंढ़ने के नाम पर अजीब सा तमाशा होने लगा है। उस तलाश को करते-करते विवाह की उम्र ही निकल जाती है। अच्छे की तलाश में सब अधेड़ हो रहे हैं। फिर इसके बाद सौ कोड़े और सौ प्याज खाने जैसी हालत हो जाती है। या तो अविवाहित रहना पड़ता है या फिर अनचाहा रिश्ता करना पड़ता है। ऐसी मानसिकता जब बन जाती है तो इनको कौन समझाए कि एक उम्र में जो चेहरे पर चमक और एक दूसरे परिवार को समझने और समर्पित होने का जो भाव होता है वह अधेड़ उम्र में नहीं रहता। चाहे ब्यूटीपार्लर में जाकर लाख रंगरोगन करवा लो। एक और संक्रमण फैल रहा है लड़की या लड़का सरकारी नौकरी में है तो उसे अपना जीवन साथी भी सरकारी नौकरी वाला ही चाहिए। अब ये कैसे संभव हो, मगर मां-बाप अपने किए का खुद भरता है। ढूंढ़ता रह... ढूंढ़ता रह। पहले पूछा जाता था कि लड़का क्या करता है? लड़की को रोटी और कपड़े की कमी तो नहीं रहेगी। अब लड़के वाला पूछता है लड़की क्या करती है? हो गई उल्टी व्यवस्था। कहीं-कहीं शादी के बाद लड़की को भी आजकल प्राइवेट ही सही, मगर नौकरी करनी पड़ जाती है। दोनों नौकरी करेंगे। चाहे भोजन बाजार से ही मंगाना पड़े। एकल परिवार के कारण बच्चों को आया के भरोसे या बोर्डिंग में छोड़ना पड़े। फिर महिलाएं लोभ के वशीभूत चाहकर भी नौकरी नहीं छोड़ पाती। ऐसे में पति-पत्नी में से किसी पर भी एक-दूसरे का अधिकार नहीं रहता। सहनशीलता, इज्जत और समर्पण की बात तो दूर की कौड़ी हो जाती है। चिक-चिक चालू। ये सब परिस्थितियां आगे चलकर तनाव पैदा करती है और आत्महत्या या तलाक का कारण बनती हैं। घर परिवार झुकने से चलता है अकड़ने से नहीं। जीवन में जीने के लिए दो रोटी और छोटे से घर की जरूरत होती है। इसके अलावा आपसी तालमेल और प्रेम प्यार। मगर आजकल बड़ा घर और बड़ी गाड़ी जरूरत बना ली गई है। आजकल घर में सारी सुविधाएं उपलब्ध होती हैं जैसे कपड़े धोने के लिए वाशिंग मशीन, मसाला पीसने के लिए मिक्सी, पानी भरने के लिए मोटर, मनोरंजन के लिए टीवी, बात करने के लिए मोबाइल। फिर भी संतुष्टी नहीं। पहले इनमें से कोई सुविधा उपलब्ध नहीं थी। पूरा मनोरंजन घर परिवार का काम था, जिसे हंसते गाते कर लिया करते थे। फालतू की बातें दिमाग में आती ही नहीं थी। अब सारी बातें टीवी सिखा देता है। छल, कपट, झूठ, पाखंड। भुगते पूरा परिवार। दिन में घंटों तक मोबाइल पर बातें, घंटों तक सीरियल देखना, ब्यूटी पार्लर में समय बिताना। फिर कोई बात आए तो सुनने को मिलता है कि काम से फुर्सत ही नहीं। हंसी आती है। परिवार में खुशी से रहो। बेटी आज बहू बनी है तो कल सासू भी बनेगी। इसलिए सहनशीलता और परिवार में सभी छोटे-बड़ों का सम्मान करना चाहिए। ये सब लौटकर मिलता है। जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव आते हैं। बड़ों की राय लेकर आगे बढ़ते चलना चाहिए और अपनी पुरानी परंपराओं को यानि जड़ को नहीं छोड़ना चाहिए। विवाह समय पर होने चाहिए सौदे नहीं। (समाप्त)

कांग्रेस ने विधायक दल की बैठक बुलाई, सिद्धारमैया के नाम पर मुहर लगने की खबर

कर्नाटक के सीएम का ऐलान आज

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

बेंगलुरू/नई दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री का ऐलान आज किया जाएगा। बुधवार को बेंगलुरु में कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। वहीं मल्लिकार्जुन खड़गे विधायक दल के नेता का ऐलान करेंगे। मंगलवार शाम सीएम पद के दोनों दावेदार डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके घर जाकर मिले। दोनों नेता 50-50 फॉमूले से सहमत नहीं है। दोनों नेताओं से मुलाकात के बारे में अब खड़गे सोनिया गांधी को रिपोर्ट देंगे। राहुल-सोनिया से बात करने के बाद खड़गे आज बेंगलुरु जाएंगे। इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर यह भी है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धारमैया का नाम लगभग तय हो गया है। डीके शिवकुमार को लोकसभा चुनाव तक इंतजार करने को कहा है। तब तक उन्हें डिप्टी सीएम बनाया जाएगा या प्रदेश अध्यक्ष के साथ दो महत्वपूर्ण मंत्रालय दिए जाएंगे।

खड़गे ने राहुल से मुलाकात की

इस बीच राहुल गांधी दोपहर 12.30 बजे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। आज सुबह पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक भी कांग्रेस अध्यक्ष से मिले। इनके बीच क्या बात हुई, यह सामने नहीं आई है।



> “मेरी ताकत 135 विधायकों की है क्योंकि मेरी अध्यक्षता में ही कांग्रेस ने राज्य में 135 सीटें जीती हैं।
>
> -डीके शिवकुमार

कई फॉर्म्युलों पर विचार

- दिल्ली में कांग्रेस के सीनियर नेताओं ने सीएम पद को लेकर कई फॉर्म्युलों पर विचार किया।
- एक मुख्यमंत्री के साथ दो से तीन उप मुख्यमंत्री बनाए जाने पर चर्चा की गई।

हम सब एक है और हम 135 हैं

डीके शिवकुमार ने मंगलवार सुबह बेंगलुरु में कहा, 'हम सब एक हैं। हम 135 हैं। मैं किसी को डिवाइड नहीं करना चाहता। वे भले ही मुझे पसंद करें या नहीं। मैं एक जिम्मेदार व्यक्ति हूं। मैं धोखा नहीं दूंगा और ना ही ब्लैकमेल करूंगा। हमने कांग्रेस पार्टी को बनाया, हमने इस घर को बनाया। मैं इसका हिस्सा हूं।' उन्होंने कहा, 'एक मां अपने बच्चे को सब कुछ देती है। सोनिया गांधी हमारी आदर्श हैं। कांग्रेस हर किसी के लिए परिवार की तरह है। हमारा संविधान बेहद महत्वपूर्ण है और हमें सभी के हितों की रक्षा करनी है। लोकसभा में 20 सीट जीतना हमारा अगला लक्ष्य है।'

कहीं आप गलत तेल के शिकार तो नहीं हो रहे है ?

देसी दिल के लिये, दादी वाला देसी तेल...

Kabira
Healthy Growth
Yellow Mustard Oil

स्वदेशी पीली सरसों का तेल है, प्राचीन, पौष्टिक एवं परखा।

- प्राचीन शीतल विधी घाणी से निर्मित।
- निर्माण विधी उच्च ताप रहित ।
- निर्माण में कोई रासायनिक प्रयोग नहीं।
- केन्सर को रोकने में लाभदायक ।*
- मधुमेह को नियंत्रित करने में लाभदायक ।
- एसीडीटी एवं गेस्टिक रोगों में मददगार ।
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने मे लाभदायक ।
- केवल देसी सरसों द्वारा निर्मित ।
- मोटापा घटाने में लाभदायक ।
- बालों के लिए एक उत्तम तेल ।
- ओमेगा 3 एवं ओमेगा 6 से भरपूर ।
- तीखी गंध रहित होने के कारण सभी व्यंजनों में उपयोगी ।
- अनेक औषधीय गुणों से भरपूर ।
- सभी तेलों के मुकाबले सबसे कम सेच्युरेटेड फेट्स ।*
- छः हजार वर्षों से मानव के लिए उपयोगी ।

Kabira Cold Pressed Oils are Also Available in :
Kachchi Ghani Mustard Oil (Pungent Smell)
Kachchi Ghani Groundnut Oil | Kachchi Ghani Sesame (Til) Oil

स्वस्थ जीवन के लिए कोनसा तेल उपयोग करें ?

तेल आप उपयोग करें	तेल आप उपयोग ना करें
कबीरा पीली सरसों का तेल	[illegible]
कबीरा कच्ची घानी सरसों का तेल	[illegible]
कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल	[illegible]
कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल	[illegible]
कबीरा कोल्ड प्रेस्ड बादाम तेल	[illegible]

कबीरा पीली सरसों तेल को फेक्ट्री मूल्य में लेने के लिए इस विज्ञापन एवं अपनी डिटेल्स को 90017-99117 पर व्हाट्सप करें और फ्री में लाइफ मेम्बर बनें एवं पाएं 590 रु. की चांदी की फ्रेम एवं केनवास बेग बिलकुल Free

समस्त व्रत एवं उपवास में उपयोगी	केवल कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल
सर्दियों में उपयोगी	कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल
हर मौसम में उपयोगी	कबीरा पीली सरसों एवं कच्ची घानी सरसों तेल
दिपावली, दिपक प्रज्वलन के लिए	कबीरा तिल्ली एवं कच्ची घानी सरसों तेल

-: Awards & Achievements :-

To Open Kabira Hand Made Exclusive Store or Other Trade Inquiries Please Contact :
MANISHANKAR OILS PVT LTD
+91 98290 50738
www.manishankaroils.in
ALSO DEALS IN KISAN, PEEURA, TILAK, HANDMADE, MURARKA, BANSI, KABIRA COLD PRESSED (EDIBLE OIL, SPICES & TEA)
•GOVERNMENT OF INDIA'S NATIONAL AWARDED •GOVERNMENT OF RAJASTHAN'S UDYOG RATAN AWARDED

For Award Details : Contact 98290-50738
★ In Reference to : Asian Journal of Dairy and Food Research (2019)
Natural Immunity Booster
FORTIFIED
100% VEG.
COLD PRESSED
KOSHER
Approved by :
WHO GMP
one of the OLDEST OIL known to HUMAN

UNIVERSITY OF ENGINEERING AND MANAGEMENT

IEM | UEM Group Jaipur and Kolkata

Jaipur Campus: 'Gurukul', Udaipuria Mod, 6kms. from Chomu on Sikar Road, Jaipur-303807(Raj.) https://jaipur.uem.edu.in

Admissions Open 2023-24

UEM
JAIPUR
GOOD EDUCATION, GOOD JOBS

PROGRAMS OFFERED

B.TECH | M.TECH | BCA | MCA | BBA | MBA
MBA Executive | MBA Hospital & Healthcare Management | BPT | MPT | Ph.D

ADMISSION HELPLINES 9887313330, 9887413330, 9887933330

MORE THAN ₹ 5 CRORES WORTH SCHOLARSHIPS PROVIDED TO THE MERITORIOUS STUDENTS

FOREIGN UNIVERSITY COLLABORATIONS

PLACEMENTS
INR 6.5 LPA Average Annual Salary
INR 72 LPA Highest Annual Salary
1963 + No. of Students
2894 + No. of Job Offers
550 + No. of Companies
IEM
INSTITUTE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
Good Education, Good Jobs
UEM
UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT
Good Education, Good Jobs
Global Ratings
I-GAUGE
INDIA TODAY BEST COLLEGE RANKING SURVEY - 2022
SHALBY ACADEMY
Cambridge Assessment English Authorised Centre
AIMA
UGC
AICTE APPROVED
AIU MEMBER
NAAC ACCREDITED
UNLV
RENNES
GIIM
Brunel University London
RICHARD A. CHAIFETZ SCHOOL OF BUSINESS SAINT LOUIS UNIVERSITY

जागरूक खबरें

■ उत्कृष्ट बुनकर जिला स्तर पर होंगे सम्मानित

जागरूक जनता @ जयपुर। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने उत्कृष्ट बुनकरों को सम्मानित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। राज्य के हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से हर वर्ष की भांति राज्य सरकार इस वर्ष भी बुनकरों को नगद पुरस्कार देने का प्रावधान किया है। महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक जयपुर (ग्रामीण) पी.एन. शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय पुरस्कार हेतु जिले की सीमा में कार्यरत हथकरघा बुनकरों से आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। इसके लिए वही बुनकर पात्र है जो हाथकरघा के बुनाई कार्यों में पिछले 3 वर्षों से कार्य कर रहे हैं। तथा जिन्हें गत तीन वर्षों से इस पुरस्कार के लिए चयनित नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि पात्र हथकरघा बुनकर अपना आवेदन 30 मई 2023 तक कार्यालय महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जयपुर (ग्रामीण) में जमा करवा सकते हैं, आवेदन प्रपत्र जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जयपुर (ग्रामीण) से प्राप्त किया जा सकता है।

■ आज से आंदोलन करेंगे शिक्षक

जागरूक जनता @ जयपुर। तबादलों की मांग को लेकर तृतीय श्रेणी शिक्षक 17 मई से शहीद स्मारक पर आंदोलन करेंगे। संघर्ष समिति के संयोजक सुनील महला ने बताया कि ट्रांसफर की मांग को हर बार आश्वासन देकर टाल दिया गया। इस संबंध में शिक्षामंत्री से भी मुलाकात कर चुके हैं। सुनवाई नहीं होने पर शिक्षकों ने एक बार फिर आंदोलन करने का फैसला लिया है।

■ पदोन्नति : अनुभव शर्त में 2 वर्ष की छूट संभव

जागरूक जनता @ जयपुर। राज्य सरकार ने पदोन्नति के मामले में अनुभव की शर्त में दो साल की छूट देकर कर्मचारियों को राहत दी है। कार्मिक विभाग के जारी आदेश के अनुसार पद खाली हों तो पदोन्नति के लिए आवश्यक पांच साल के अनुभव की शर्त में दो साल की छूट दी जा सकेगी।

■ जीएनएम परीक्षाओं की समय सारिणी जारी

जागरूक जनता @ जयपुर। राजस्थान नर्सिंग कॉउंसिल जयपुर की ओर से जीएनएम प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की मुख्य परीक्षाओं की समय सारिणी जारी की गई। परीक्षाएं 29 मई से 6 जून तक आयोजित की जाएंगी। कॉउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ शशिकांत शर्मा ने बताया कि जीएनएम प्रथम वर्ष पूरक परीक्षा फरवरी 2023 के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्गणना का परिणाम भी जारी किया गया है। ये परिणाम कॉउंसिल की वेबसाइट www. rncjaipur.org पर देखा जा सकता है।

■ जल्द जारी होगा कंज्यूमर चार्टर

जागरूक जनता @ जयपुर। कंज्यूमर्स एक्शन एंड नेटवर्क सोसायटी (केन्स) का स्थापना दिवस एमआई रोड स्थित राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में मनाया गया। कंज्यूमर कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेशनल चेयरमैन डॉ. अनन्त शर्मा ने घोषणा की कि लोकसभा-विधानसभा चुनावों में उपभोक्ता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दिलाने के लिए उपभोक्ता संगठन कंज्यूमर चार्टर जारी करेंगे। चुनाव आयोग से राजनैतिक दलों के घोषणा पत्रों को लीगल डॉक्यूमेंट बनाए जाने की मांग की। डॉ. के.एल. जैन, शिखा गोयल व राकेश खण्डेलवाल सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। लॉ कॉलेज की छात्राओं ने कंज्यूमर प्रोटेक्शन से जुड़े अलग-अलग विषयों पर प्रजेंटेशन दिया ।

जून से फिर 15% ज्यादा फ्यूल सरचार्ज, बिल में लगेगा करंट

80 लाख उपभोक्ताओं पर पड़ेगी मार, राजस्थान सरकार बिलों में सब्सिडी से 6 गुना सरचार्ज वसूल रही

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान में सरकार राहत कैंप में 100 यूनिट तक बिजली फ्री देने का रजिस्ट्रेशन कर रही है, लेकिन हालात ये हैं कि वर्तमान में उपभोक्ता को 50 यूनिट बिजली फ्री सब्सिडी से ज्यादा फ्यूल सरचार्ज चुकाना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं को दी जा रही सरकारी बिल के अनुदान से ज्यादा से छह गुना व दो गुना ज्यादा फ्यूल सरचार्ज वसूला जा रहा है। प्रदेश के 80 लाख से ज्यादा उपभोक्ता से 45 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से फ्यूल सरचार्ज की वसूली हो रही है। वहीं अगले महीने जून के बिल में 52 पैसे के हिसाब से फ्यूल सरचार्ज वसूला जाएगा। ऐसे में अगले महीने फ्यूल सरचार्ज की राशि में 15 प्रतिशत तक ज्यादा वसूली होगी। सरकार एक हाथ से बिजली बिल में अनुदान दे रही, दूसरे हाथ से छह गुना तक फ्यूल सरचार्ज की वसूली कर रही है।

केस-1 विद्याधर नगर सबडिवीजन में उपभोक्ता नीता शर्मा के बिल में मार्च माह में फ्यूल सरचार्ज 44.73 रुपए था वहीं मई के बिल में फ्यूल सरचार्ज 859.23 रुपए है।



केस-2 : पुराना घाट सबडिवीजन के उपभोक्ता रहीम खान (खाता नं. 22050168) के बिल में सब्सिडी 589 दी गई है, जबकि बिल में फ्यूल सरचार्ज 3443 रु. है। यानी सब्सिडी से छह गुना सरचार्ज लगाया है।

केस-3 : बारां सबडिवीजन के खाता नं. 18790787 (शैला देवी) के बिल में सरकारी अनुदान 660 रु. है, जबकि बिल में फ्यूल सरचार्ज 1159 रु. जोड़ दिया है। यानी अनुदान से दोगुना फ्यूल सरचार्ज।

केस-4 : विद्याधर नगर सबडिवीजन में उपभोक्ता पदमचंद के बिल में फ्यूल सरचार्ज 1961 रु. है, जबकि सरकारी अनुदान 2619 है।

केस-5 : झोटवाड़ा की उपभोक्ता शकुंतला देवी (के नं. 210474018103) के बिल में फ्यूल सरचार्ज 1136 रु. जोड़ा है, जबकि उनके बिल में 750 का अनुदान दिया है। यानी करीब दोगुनी राशि वसूली जा रही है।

तीन माह से वसूल रहे फ्यूल सरचार्ज (पैसे प्रति यूनिट)

अप्रैल 2022 से जून 2022 19 पैसे
जुलाई 2022 से सितंबर 2022 45 पैसे
अक्टूबर 2022 से दिसंबर 2022 52 पैसे

स्टील उद्योगों पर 50 लाख के फ्यूल सरचार्ज

राजस्थान स्टील चैंबर के महासचिव सुदेश शर्मा का कहना है कि स्टील फैक्ट्रियों के कनेक्शन पर 50 लाख रुपए का फ्यूल सरचार्ज लगाया है। तीन महीने में एक से डेढ़ करोड़ रुपए का सरचार्ज जमा करवाना पड़ रहा है। डिस्कॉम से सरचार्ज की किश्त करने की मांग की है। फैक्ट्रियों पर आर्थिक संकट है।

ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक करने के नाम पर केवल खानापूर्ति

राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग ने फ्यूल सरचार्ज की गणना स्वतंत्र ऑडिटर से करवाने के निर्देश दे रखे हैं। इसके वेरीफिकेशन के बाद लागू किया जाता है। बिजली खरीद की परिवर्तित वास्तविक राशि व आयोग से निर्धारित रेट का अन्तर फ्यूल सरचार्ज के रूप में त्रैमासिक आधार पर वसूली का प्रावधान है। स्वतंत्र ऑडिटर की वेरिफाइड रिपोर्ट व फ्यूल सरचार्ज की गणना का विवरण निगम की वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है। लेकिन डिस्कॉम पूरी ऑडिट रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के बजाय केवल दो पेज वेबसाइट पर अपलोड कर खानापूर्ति कर देती है। इससे उपभोक्ता को फ्यूल सरचार्ज की वास्तविक वजह की जानकारी नहीं लग पाती है। जबकि आरईआरसी ने फ्यूल सरचार्ज ऑडिट रिपोर्ट की पूरी डिटेल सार्वजनिक करने के निर्देश दे रखे हैं।

जयपुर जिले में 6 लाख से ज्यादा लोगों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

100 यूनिट नि :शुल्क घरेलू बिजली योजना का आमजन में उत्साह

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। महंगाई से त्रस्त आमजन के लिए महंगाई राहत कैंप उम्मीद का दूसरा नाम बनते जा रहे हैं। बजट में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने आमजन को 100 यूनिट निःशुल्क घरेलू बिजली की सौगात दी है। इस योजना को लेकर जनता में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। सिर्फ 23 दिनों में 6 लाख से ज्यादा परिवारों ने 100 यूनिट निःशुल्क घरेलू बिजली योजना के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवा लिया है।

अब तक 35 लाख से ज्यादा मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड हुए जारी

कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि महंगाई राहत कैंप 24 अप्रैल को शुरू हुए थे जिसके बाद अब तक कुल 35 लाख 17 हजार 694 गारंटी कार्ड जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के तहत 5 लाख 20 हजार 290, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 6 लाख 87 हजार 339, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 6 लाख 87 हजार 339, मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना में 54 हजार 72, मुख्यमंत्री निःशुल्क घरेलू बिजली योजना में 6 लाख 5 हजार 98 लाभार्थियों को गारंटी कार्ड जारी हुए हैं।

वहीं, महंगाई राहत कैंप में मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना में 3 लाख 39 हजार 29, इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना में 1 लाख 88 हजार 16, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 2 लाख 75 हजार 563, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में 1 लाख 37 हजार 295, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 23 हजार 653 लाभार्थियों ने पंजीकरण करवाया है।

मंगलवार को वितरित किए गए 1 लाख 37 हजार से ज्यादा गारंटी कार्ड

उन्होंने बताया कि मंगलवार को 1 लाख 37 हजार 396 गारंटी कार्ड जारी किए गए। जिसमें से मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के तहत 19 हजार 72, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 25 हजार 566, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 25 हजार 566, मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना में 2 हजार 38, मुख्यमंत्री निःशुल्क घरेलू बिजली योजना में 21 हजार 633 लाभार्थियों को गारंटी कार्ड जारी हुए हैं।

राजधानी में होगा राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के भव्य भवन का निर्माण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राज्य सरकार द्वारा राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के भवन निर्माण हेतु 766 वर्गमीटर भूखण्ड रियायती दरों पर आवंटित किया गया है। भूखण्ड पर शिलान्यास हेतु राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ का एक प्रतिनिधिमण्डल मुख्यमंत्री से मिलकर प्रतिवेदन के माध्यम से शिलान्यास करने के लिये निवेदन किया। जून माह के प्रथम सप्ताह में शिलान्यास की तारीख आने की संभावना है।

भूखण्ड पर राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ द्वारा एक कॉर्पोरेट कार्यालय, 30 ए.सी. कमरें, एक ऑडिटोरियम जिसमें 500 व्यक्ति बैठ सकेंगे। 40 व्यक्तियों की क्षमता का एक मीटिंग हॉल, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की एक लैब, कमरों में ठहरने वालों के लिये रसोई के निर्माण का निर्णय कार्यकारिणी द्वारा किया गया है।

इस भवन का निर्माण व्यापारियों द्वारा मण्डियों के विकास पर चर्चा हेतु, मण्डियों की प्राथमिक आवश्यकताओं के लिये नीति निर्धारण करना, आने वाली फसल का आकलन करना, बाजार भावों को प्रदर्शित करने के लिये प्रामाणिक मोबाइल ऐप पर दरें प्रदर्शित करना, प्रोसेसिंग यूनिट्स के लिये नीति निर्धारण करवाना आदि कार्य करने के लिये किया गया है। राजस्थान की दूर-दराज की मण्डियों एवं विभिन्न प्रांतों से आये दिन विभिन्न कार्यों एवं व्यापार हेतु व्यापारी जयपुर आता रहता है। उन्हें ठहरने की समुचित, सुव्यस्थित एवं कम खर्चीली जगह उपलब्ध नहीं हो पाती है। इसको ध्यान में रखते हुए भवन निर्माण में 30 कमरों की व्यवस्था रहेगी।

आये दिन व्यापारी कल्याण के लिये मण्डियों के विकास के लिये व्यापार में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिये मीटिंग होती रहती है। सुव्यवस्थित मीटिंग हो, इसके लिये 40 व्यक्तियों की क्षमता का एक मीटिंग हॉल तथा 500 व्यक्तियों के बैठने के लिये एक सभा भवन निर्माण करने की योजना है। शुद्ध के लिये युद्ध में व्यापारी शामिल होना चाहता है। परन्तु राजस्थान के मण्डी व्यापारियों के लिये अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की एक लैब नहीं है एवं कृषि उत्पाद को इधर-उधर टेस्ट करवाता रहता है।

ANCHOR शुरूआत

जयपुर एयरपोर्ट जल्द शुरू होगी कार्गो यूनिट

ज्वेलरी, ब्लड सैम्पल, दवाईयां समेत तमाम कई कीमती सामान एक से दूसरे शहर भेज सकेंगे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर जल्द ही कार्गो सर्विस की शुरुआत होगी, जो टर्मिनल-1 से की जाएगी। इसके लिए अलग-अलग कार्गो यूनिट्स बनाई गई है। शुरुआत घरेलू कार्गो सेवाओं के साथ होगी, लेकिन साल के अंत तक इंटरनेशनल कार्गो के मूवमेंट की भी सुविधा शुरू की जाएगी।

नई कार्गो इकाई जून के प्रथम सप्ताह में शुरू होने की सम्भावना है। नई यूनिट 550 वर्गमीटर के एरिया में बनी है और जिससे हर महीने 2300 मीट्रिक टन कार्गो की हैंडलिंग की जा सकेगी। एयरपोर्ट प्रशासन ने एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया से जरूरी अनुमति ले ली हैं। कार्गो इकाई को संचालित करने के लिए टैरिफ व अन्य दर कार्ड एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित दरों पर ही वसूल किया जाएगा।

इन चीजों को भेज सकेंगे दूसरे शहर

कार्गो टर्मिनल शुरू होने से जयपुर एयरपोर्ट से देश के दूसरे शहरों के लिए कीमती सामान, ज्वैलरी, ब्लड सैम्पल, दवाईयां, डेडबॉडी, जरूरी दस्तावेज, फल, सब्जी, खाने-पीने के पैकेड आइटम, चिल्ड-फ्रोजन फिश, स्पेयर पार्ट्स, टेक्सटाइल्स, डाक, कूरियर आइटम, खराब होने वाले सामान, ई-कॉमर्स आइटम और अन्य तरह की सामग्री भी भेजी जा सकेगी।

ये सुविधाएं होगी कार्गो एरिया में

नई घरेलू कार्गो यूनिट की बिल्डिंग में 1 इनबाउंड, 2 आउटबाउंड ट्रक के लिए रास्ते बनाए है। इसके अलावा एयरलाइंस के लिए अलग ऑफिस स्पेस, कीमती सामान की सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रूम, कोल्ड स्टोरेज रूम, डेंजरस श्रेणी के सामान के लिए माल भंडारण क्षेत्र, सेन्ट्रललाइज्ड एसी, सीसीटीवी, पास जारी करने, सुरक्षा जांच के लिए फ्रिस्किंग बूथ, जांच के लिए दो 100 बाई 100 आकार की एक्स-रे मशीनें, 1 एक्सप्लोसिव ट्रेस डिटेक्शन मशीन, तीन डॉक लेवलर और दो फोर्कलिफ्ट सहित अन्य सुविधाएं हैं।

Paathshala®
Since-2009
Trusted by 3000+ top institutes
स्कूल कॉलेज मैनेजमेंट
ERP के साथ
FREE
Unlimited Message
Limited Offer
Book Demo
- Web Portal
- Mobile App (Android, IOS)
- Admin App
- Principal App
- Teacher App
- Student App
www.paathshala.net.in
978-55555-49
978-55555-86



॥ पुण्यस्मरण ॥
ज़माना बड़े शौक से सुन रहा था,
हमीं सो गए दास्ताँ कहते कहते..
(17 मई, 2021)
(19 मई, 2021)
हमारे पथ प्रदर्शक और मार्गदर्शक आदरणीय
मरहूम हाजी मो. सईद खान साहब
(संस्थापक - अंजुम एक्सट्रैक्शन प्रा. लि., निम्बाहेड़ा)
एवं मरहूमा हज्जन परवीन खान
की द्वितीय पुण्यतिथि पर हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित करते है।
श्रद्धावनत
समस्त परिवारजन एवं स्टाफगण
अंजुम एक्सट्रैक्शन प्राइवेट लि. (निम्बाहेड़ा)

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जागरूक खबरें

बीकानेर में 1 नवीन संस्कृत विद्यालय खुलेगा और 18 संस्कृत विद्यालय होंगे क्रमोन्नत

जागरूक जनता @ जयपुर। राज्य सरकार संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बीकानेर जिले में एक नवीन संस्कृत विद्यालय खोलेगी। साथ ही, जिले के 18 संस्कृत विद्यालयों को क्रमोन्नत किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नए विद्यालय की स्थापना और विद्यालय क्रमोन्नय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। इसमें 5 संस्कृत प्राथमिक विद्यालयों को उच्च प्राथमिक विद्यालयों में, 8 संस्कृत उच्च प्राथमिक विद्यालयों को वरिष्ठ उपाध्याय तथा 5 प्रवेशिका (माध्यमिक) संस्कृत विद्यालयों को वरिष्ठ उपाध्याय में क्रमोन्नत किया जाएगा। गहलोत के इस निर्णय से संस्कृत शिक्षा के अधिक केंद्र खुलने के साथ ही विद्यार्थियों को नजदीक ही पढ़ने के अवसर मिलेंगे।

प्रदेश के पांच जिलों में खुलेंगे अल्पसंख्यक छात्रावास

जागरूक जनता @ जयपुर। धौलपुर, प्रतापगढ़, बाड़मेर, करौली और बांसवाड़ा में अल्पसंख्यक छात्रावास संचालित होंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 5 नवीन अल्पसंख्यक छात्रावास खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत की स्वीकृति से 14 करोड़ रुपए की लागत से छात्रावासों का निर्माण होगा। प्रत्येक छात्रावास में 50 विद्यार्थियों की आवास क्षमता रखी गई है। छात्रावासों में रहकर अल्पसंख्यक विद्यार्थी सुगमता से शिक्षा प्राप्त कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने बजट में इस संबंध में घोषणा की थी।

यातायात पुलिस में 500 नवीन पदों का होगा सृजन

जागरूक जनता @ जयपुर। प्रदेश में यातायात व्यवस्था अब अधिक मजबूत होगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बढ़ते वाहनों के दबाव से सुगम यातायात व्यवस्था के लिए 500 नवीन पदों के सृजन को मंजूरी दी है। इससे यातायात पुलिस बल सुदृढ़ होगा। गहलोत की स्वीकृति से उप निरीक्षक के 20 पद, हैड कांस्टेबल के 80 पद और कांस्टेबल के 400 पदों सहित कुल 500 पद सृजित होंगे।

प्रदेश के पांच जिलों में खुलेंगे अल्पसंख्यक छात्रावास

जागरूक जनता @ जयपुर। धौलपुर, प्रतापगढ़, बाड़मेर, करौली और बांसवाड़ा में अल्पसंख्यक छात्रावास संचालित होंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 5 नवीन अल्पसंख्यक छात्रावास खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत की स्वीकृति से 14 करोड़ रुपए की लागत से छात्रावासों का निर्माण होगा। प्रत्येक छात्रावास में 50 विद्यार्थियों की आवास क्षमता रखी गई है। छात्रावासों में रहकर अल्पसंख्यक विद्यार्थी सुगमता से शिक्षा प्राप्त कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकेंगे।

राजस्थान पुलिस अकादमी में बनेगी इंडोर शूटिंग रेंज

जागरूक जनता @ जयपुर। पुलिसकर्मियों में फायरिंग क्षमता वृद्धि के लिए जयपुर की राजस्थान पुलिस अकादमी में अत्याधुनिक इंडोर शूटिंग रेंज बनेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसकी स्थापना के लिए 14 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। यह स्पोर्ट्स से अलग एवं आधुनिक तकनीक की कम्पोजिट इंडोर शूटिंग रेंज (सीआईएसआर) होगी, जिसमें 50 मीटर की 6 लाइन होंगी। प्रशिक्षणार्थियों को इंडोर फायरिंग रेंज के बेहतर एवं अनुकूल वातावरण में अभ्यास करने के अवसर मिलेंगे।

जयपुर व चित्तौड़गढ़ में खुलेंगे सैटेलाइट अस्पताल

जागरूक जनता @ जयपुर। जयपुर के करबला क्षेत्र (हवामहल) और चित्तौड़गढ़ में सैटेलाइट चिकित्सालय खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निरोगी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने की दिशा में चिकित्सालय खोले जाने की स्वीकृति दी है। इनके लिए 98 नवीन पदों के सृजन को भी मंजूरी दी है। दोनों चिकित्सालय में कनिष्ठ विशेषज्ञ के 5 पद, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी डेन्टल, कनिष्ठ सहायक, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, फार्मासिस्ट, डेन्टल टैक्नीशियन, नेत्र सहायक के 1-1 पद, चिकित्सा अधिकारी व लैब टैक्निशियन संवर्ग के 4-4 पद, नर्स ग्रेड-प्रथम व रेडियोग्राफर संवर्ग के 2-2 पद, नर्स ग्रेड-द्वितीय के 15 पद, वार्ड बॉय के 6 पद एवं सफाई कर्मचारी के 4 पदों सहित कुल 98 पदों के सृजित होंगे। इन सैटेलाइट चिकित्सालयों के खुलने से आमजन को नजदीक ही उपचार की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

कुष्ठ रोग मुक्त विशेष योग्यजनों को मिलेगी प्रतिमाह की ₹2500 सहायता

जागरूक जनता @ जयपुर। राज्य सरकार ने कुष्ठ रोग मुक्त विशेष योग्यजनों को मिलने वाली पेंशन राशि में वृद्धि की है। अब उन्हें प्रतिमाह 2500 रुपए पेंशन राशि मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में प्रदेश में 16,810 कुष्ठ रोग मुक्त सामाजिक सुरक्षा पेंशनर हैं, जिन्हें वर्तमान में 1500 रुपए प्रतिमाह पेंशन राशि दी जा रही है। जिसे बढ़ाकर अब 2500 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। बढ़ी हुई पेंशन राशि 1 मई, 2023 (देय 01.06.2023) से मिलेगी। गहलोत द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी।

जागरूक जनता
फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

हाउसिंग बोर्ड को मलेशिया में मिला 'द गोल्डन ग्लोब टाइगर अवार्ड्स'

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की कामयाबी की गूंज और सफलता के किस्से अब विदेशों में भी सुनाई देने लगे हैं। इसी कड़ी में वर्ल्ड एचआरडी काउंसिल के निर्णायक मंडल ने राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के दो प्रोजेक्टों का चयन 'बेस्ट एनवायरनमेंट फ्रेंडली प्रोजेक्ट्स' और 'बेस्ट इनोवेटिव प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर' के रूप में करते हुए बोर्ड को 'द गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स' फॉर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप' से सम्मानित किया है। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने प्रशासनिक व्यस्तता के चलते स्वयं न जाकर पुरस्कार ग्रहण करने के लिए इंजीनियर्स को मलेशिया भेजा। मलेशिया के पूलमैन क्वालालमपुर सिटी सेंटर होटल एंड रेजिडेंसेस में मंगलवार सुबह आयोजित भव्य और रंगारंग कार्यक्रम में मुख्य अभियंता प्रथम केसी मीणा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय पूनिया और अमित अग्रवाल ने हजारों लोगों की उपस्थिति में यह सम्मान ग्रहण किया। वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस ने मानसरोवर स्थित सिटी पार्क को बेस्ट एनवायरनमेंट फ्रेंडली प्रोजेक्ट्स और प्रताप नगर स्थित कोचिंग हब को एक्सीलेंस इन इनोवेशन की श्रेणी के लिए चयनित किया है। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि मंडल की झोली में एक के बाद एक पुरस्कारों का आना इस संस्था के प्रति आमजन की प्रतिबद्धता व विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पुरस्कारों का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। अरोड़ा ने इसके लिए मंडल के कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया और शुभकामनाएं भी दी। गौरतलब है कि आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की अगुवाई में पिछले चार वर्षों में मण्डल को कुल 17 अवार्ड मिल चुके हैं। इनमें मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, स्कॉच अवार्ड-2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्सी, नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आई.बी.सी और 'स्टार ऑफ गवर्नेंस-गोल्ड अवार्ड' और नरेडको द्वारा दिए 'रियल एस्टेट कॉन्क्लेव' जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड शामिल हैं।

29.71 लाख किसानों को 19 हजार 740 करोड़ रूपये का ब्याज मुक्त सहकारी फसली ऋण वितरित

प्रदेश में पहली बार एक वित्तीय वर्ष में ब्याज मुक्त

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राज्य के इतिहास में पहली बार एक वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक ब्याज मुक्त सहकारी फसली ऋण वितरण का रिकॉर्ड बना है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 29.71लाख किसानों को 19 हजार 740 करोड़ रूपये का ब्याज मुक्त सहकारी फसली ऋण वितरित किया गया। यह जानकारी मंगलवार को सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने दी। आंजना ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में खरीफ सीजन में 98,320 नए किसानों को 180 करोड़ रूपये का तथा रबी सीजन में 2 लाख 19 हजार 249 नए किसानों को 367 करोड़ रूपये का सहकारी फसली ऋण वितरित किया गया। इस प्रकार कुल 3 लाख 17 हजार 569 नए सदस्य किसानों को 547 करोड़ रूपये का ब्याज मुक्त फसली ऋण वितरित किया गया। सहकारिता मंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 2019-20 में 9541.02 करोड़ रूपये, वर्ष 2020-21 में 15235.38 करोड़ रूपये, वर्ष 2021-22 में 18101.68 करोड़ रूपये तथा वर्ष 2022-23 में 19740.87 करोड़ रूपये का ब्याज मुक्त सहकारी फसली ऋण का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के पूववर्ती कार्यकाल के दौरान वर्ष 2012-13 में किसानों के हित में ब्याज मुक्त सहकारी फसली ऋण प्रारंभ किया गया था।

केकड़ी में राजस्थान राज्य आयुष अनुसंधान केंद्र का बनेगा भवन

नदबई एवं लवाण के आयुर्वेद औषधालय ब्लॉक चिकित्सालय में क्रमोन्नत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। निरोगी राजस्थान की संकल्पना में आयुर्वेद की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भरतपुर के नदबई एवं दौसा के लवाण के आयुर्वेद औषधालय को ब्लॉक आयुष चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत ने इन चिकित्सालयों में 41 नवीन पदों के सृजन के लिए भी स्वीकृति दी है। नवीन सृजित पदों में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी विशेषज्ञ, यूनानी चिकित्साधिकारी, होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, वरिष्ठ आयुर्वेद नर्स, कनिष्ठ आयुर्वेद नर्स, कनिष्ठ यूनानी नर्स, कनिष्ठ होम्योपैथिक नर्स, कनिष्ठ सहायक के पद शामिल हैं। इनके अलावा परिचारक, गार्ड, माली एवं पाचक की सेवाएं संविदा से ली जाएंगी।

केकड़ी में आयुष अनुसंधान केंद्र

मुख्यमंत्री ने अजमेर के केकड़ी में राजस्थान राज्य आयुष अनुसंधान केंद्र के भवन निर्माण की भी मंजूरी दी है। इस कार्य में 8 करोड़ रुपए व्यय होंगे। गहलोत के इस निर्णय से आयुष चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से स्वास्थ्य संवर्धन एवं रोगों के उपचार के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

दीवार से सुरक्षित होगा रेलवे ट्रैक, ट्रेनों की रफ्तार भी बढ़ेगी

800 करोड़ रुपए में रेलवे 700 किमी रूट की करेगा फेंसिंग, पशुओं से सुरक्षित होगी वंदेभारत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। रेवाड़ी से पालनपुर तक वाया जयपुर होते हुए रेलवे रूट पर ट्रेनों की गति 110 से बढ़कर 160 किमी प्रतिघंटा हो जाएगी। साथ ही पशुओं के कारण होने वाली घटनाओं पर भी रोक लग सकेगी। इसके लिए उत्तर पश्चिम रेलवे ने इस रूट पर ट्रैक के दोनों ओर फेंसिंग कराने का निर्णय लिया है। करीब 700 किमी लंबे इस रूट को फेंसिंग से कवर करने में 800 करोड़ रुपए खर्च होंगे। उत्तर पश्चिम रेलवे अधिकारी कैप्टन शशिकिरण ने बताया कि ट्रैक के दोनों ओर दो मीटर ऊंचाई की फेंसिंग होगी। इसमें कई जगह दीवार बनेगी तो कई जगह जाली लगाई जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों मवेशियों की आवाजाही के लिए छोटे-छोटे अंडरपास भी बनाए जाएंगे ताकि कोई दुर्घटना न हो और ट्रैक सुरक्षित रहे।

तुरंत पहुंचेगा लोको पायलट को अलर्ट

इस ट्रैक पर ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम भी लगाया जाएगा। जिससे ट्रैक पर कोई पहुंचा तो लोको पायलट को अलर्ट मैसेज पहुंच जाएगा। वो इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को कुछ दूरी पर रोक सकेगा।

राज्यपाल मिश्र से गुरु इन्द्रमणी महाराज की भेंट

गुरु पूर्णिमा पर प्रतिभाओं का होगा सम्मान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को यहां राजभवन में जय श्री नारायण परिवार के गुरु इन्द्रमणी महाराज ने मुलाकात कर धर्म और अध्यात्म पर चर्चा की। राज्यपाल मिश्र से उन्होंने भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से जुड़े जीवन मूल्यों पर विषद् चर्चा की। गुरु इन्द्रमणी महाराज ने राज्यपाल मिश्र से संवाद करते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति, कला, साहित्य, समाज सेवा, खेल, न्याय, कृषि आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रबुद्धजनों को हर वर्ष गुरु पूर्णिमा पर दादा गुरूदेव श्यामसुन्दराचार्य जी महाराज एवं गुरूमाता अम्मा राधादेवी के नाम से सम्मानित किया जाएगा। मिश्र ने गुरु इन्द्रमणी महाराज द्वारा धर्म, अध्यात्म में किए जा रहे कार्यों को महत्वपूर्ण बताते हुए उनकी सराहना की।

प्रत्यक्ष प्रभार मंदिरों के अंशकालीन पुजारियों के मानदेय में वृद्धि प्रदेश के 593 मंदिरों में होंगे मरम्मत कार्य

जागरूक जनता @ जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार मंदिरों के अंशकालीन पुजारियों के मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। साथ ही, देवस्थान विभाग के अधीन 593 मंदिरों में पोशाक, रंग-रोगन, मरम्मत तथा उन्नयन संबंधी कार्यों के लिए 5.93 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान को भी स्वीकृति दी है।

जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज द्वारा दिव्य प्रवचन एवं मधुर संकीर्तन निम्न TV चैनल्स पर अवश्य श्रवण करें
Shreedharididi.in
सुश्री श्रीधरी दीदी
NEWS18 इंडिया प्रतिदिन (प्रातः) EVERY DAY 5:30 AM
न्यूज़24 सोम-शुक्र (प्रातः) MON - FRI 5:30 AM
भारत समाचार प्रतिदिन (प्रातः) EVERY DAY 6:50 AM
साधना प्रतिदिन (प्रातः) EVERY DAY 8:15 AM
संस्कार सोम-शनि (रात्रि) MON - SAT 8:30 PM
YouTube JagadguruKripaluJiMaharaj
YouTube ShreedhariDidi

JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS
BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY
WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click
START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST
Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management
MSGJET Powered by JethiTech.com
SchoolMaster SCHOOL Management System Powered by JethiTech.com
Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...
Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan
WE ARE Google Partner AdWords Analytics Marketing Partner Accredited Professional Bing ads
DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE
INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

ANCHOR बीजेपी मुख्यालय में कांफ्रेंस

RPSC भंग कर पीड़ितों को मिले मुआवजा-राठौड़

अडानी से दोस्ती निभाने के लिए गहलोत महंगे दाम पर खरीद रहे कोयला

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। सचिन पायलट द्वारा RPSC की पुनर्गठन की मांग का नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि जिस RPSC में बाबूलाल कटारा जैसे लोग पकड़ में आए। वहां एक मछली नहीं बल्कि पूरा तालाब ही गंदा है। ऐसे में RPSC को भंग कर दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही पेपर लीक की वजह से जिन लाखों युवाओं को परेशानी हुई। उन्हें भी मुआवजा दिया जाना चाहिए।

मंगलवार को बीजेपी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राजेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर जमकर निशाना साधा। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस की ए टीम और बी टीम है। मुकेश भाकर जैसे लोग कह रहे हैं कि रीट के अंदर राजीव गांधी स्टडी सर्किल की जांच होनी चाहिए। इस दौरान राठौड़ ने सचिन पायलेट की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि हम भी चाहते है, RPSC को भंग कर दिया जाए। इसके साथ ही पीड़ित छात्रों को मुआवजा देना चाहिए।

सरकार खरीद रही महंगी बिजली

राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार महंगे दाम पर बिजली खरीद रही है। जिससे आम उपभोक्ता को 11 रुपए से ज्यादा प्रति यूनिट बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अडानी टैक्स के रूप में भी पैसा वसूल रही है। हमारे थर्मल पावर प्रोजेक्ट की क्षमता साढ़े आठ हमार मेगावाट से ज्यादा की है। लेकिन उन्हें जानबूझकर रख-रखाव के नाम पर बंद रखा जा रहा है। जिसकी वजह से महंगी बिजली खरीदी जा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की विद्युत कम्पनियां बैंक करप्ट होने की तरफ बढ़ रही है। किसानों के लिए अलग बिजली कम्पनी बनाने की घोषणा भी थोथी साबित हो रही है। जिसे राजस्थान की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

अडानी से दोस्ती निभा रहे गहलोत

राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा राजस्थान की जनता को लूटा जा रहा है। जो फ्यूल चार्ज हमारे समय में 18 पैसे प्रति यूनिट था। वो अब बढ़कर 59 पैसे हो चुका है। सीएम गहलोत अडानी से अपनी दोस्ती निभाने के लिए महंगे दरों पर कोयला खरीद रहे हैं। जहां से कोयला चोरी की भी शिकायतें आ रही है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग में संस्थागत भ्रष्टाचार हो रहा है।

सम्पादकीय

आगे की चुनौतियां

कर्नाटक में कांग्रेस को जैसी जीत मिली है, वह विपक्षी धड़े की राजनीति के लिए भी काफी मायने रखती है। हिमाचल प्रदेश की जीत ने कांग्रेस के गिरते मनोबल को कुछ सहारा जरूर दिया था, लेकिन उसमें ऐसा संदेश खोजना मुश्किल था, जिससे समूचे विपक्ष की गोलबंदी प्रभावित हो। कर्नाटक के साथ ऐसी बात नहीं है। इसने न केवल कांग्रेस के लिए राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के पॉजिटिव असर को चुनाव नतीजों से जोड़ने का मौका मुहैया कराया है बल्कि कथित तौर पर धार्मिक प्रतीकों के चुनावी इस्तेमाल की कोशिशों पर भी पानी फेर दिया है।

ये दोनों फैक्टर आने वाले दिनों में विपक्ष का नैरेटिव सेट करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। राहुल गांधी के बारे में यह बात कही जाती रही है कि चुनावी लड़ाई में पार्टी को उनके प्रयासों का ज्यादा फायदा नहीं मिल पाता। प्रकारांतर से यही बात भारत जोड़ो यात्रा के बारे में भी कही जा रही थी कि यात्रा को लोगों का समर्थन मिलना एक बात है और इस समर्थन का वोट में बदलना बिल्कुल अलग। कर्नाटक में जिन क्षेत्रों से भारत जोड़ो यात्रा गुजरी, उनमें कांग्रेस का अच्छा प्रदर्शन इस धारणा को बदलने में मदद कर सकता है। जहां तक दूसरे फैक्टर की बात है तो गुजरात में राहुल गांधी का खुद को शिवभक्त कहना या पार्टी जनों का उन्हें जनेऊधारी ब्राह्मण साबित करने की कोशिश करना विपक्ष की उस धारा को मजबूती देता था जिसकी दलील है कि बीजेपी के उग्र हिंदुत्व का जवाब सॉफ्ट हिंदुत्व ही हो सकता है।

इस सोच के साथ दिक्कत यह है कि इससे बीजेपी और उसके कथित विकल्प के बीच अंतर धुंधला पड़ता है। पिछले कुछ समय से राहुल गांधी ने 'आइडिया ऑफ इंडिया' के सहारे बीजेपी और संघ पर हमला करने की जो नीति अपनाई है, उसकी सफलता को लेकर विपक्ष के अन्य दलों में ही नहीं, कांग्रेस में भी आशंकाएं रही हैं। ताजा चुनाव परिणाम इन आशंकाओं को कम कर सकते हैं। हालांकि संपूर्णता में इन चुनावों को लोकल मुद्दों पर लोकल नेतृत्व में एकीकृत चुनाव अभियान की जीत ही कहा जाएगा, लेकिन फिर भी ये नतीजे कांग्रेस के अंदर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को और विपक्षी खेमे के अंदर कांग्रेस को मजबूती देंगे।

देखने वाली बात यह होगी कि जीत से मिली इस मजबूती का इस्तेमाल कांग्रेस नेतृत्व आगे कितनी कुशलता से कर पाता है। चुनावी नतीजों के बाद आई ममता बनर्जी जैसे नेताओं की सधी हुई प्रतिक्रिया इस बात की पुष्टि करती है कि कांग्रेस नेतृत्व को अभी कई अग्निपरीक्षाओं से गुजरना है। इसकी शुरुआत कर्नाटक में नए मुख्यमंत्री के चयन से ही हो गई है।

पहली ही बैठक में सिद्दारमैया के नाम पर सहमति बनाकर पार्टी नेतृत्व ने निस्संदेह शुरुआत अच्छी की है, लेकिन आगे की राह भी कम जोखिम भरी नहीं है। या (वैकल्पिक आखिरी वाक्य) बैठक में विधायक दल के नेता का चयन न हो पाना बताता है कि इस जीत को संभालना और इसका आगे अपने पक्ष में इस्तेमाल करना कांग्रेस के लिए आसान नहीं साबित होने वाला।

विकासशील देशों में, पुरुषों की तुलना में महिलाओं की इंटरनेट तक पहुंच कम है। 53 फीसद पुरुषों की तुलना में केवल 41 फीसद महिलाएं इंटरनेट का उपयोग करती हैं। साथ ही महिलाओं के पास स्मार्टफोन होने की संभावना बीस प्रतिशत कम है और परिवार के पुरुष सदस्यों से फोन उधार लेने की संभावना अधिक है।

बदलता दौर, पिछड़ती महिलाएं

कीर्ति शर्मा
सामाजिक कार्यकर्ता
@jagrukjanta.net

लड़कियों की तुलना में लड़कों के पास स्मार्टफोन होने की संभावना अधिक होती है। ऐसे में वक्त का तकाजा यही है कि आधी आबादी तक डिजिटल तकनीक की पहुंच सुनिश्चित कराई जाए, क्योंकि दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी भारत की है और इसमें लगभग आधी महिलाएं और लड़कियां हैं।

महिला सशक्तिकरण एक ऐसी अनिवार्यता है, जिसकी अवहेलना किसी भी समाज और देश के विकास की गति को धीमा कर सकती है। ऐसे में महिलाओं को समान अवसर उपलब्ध कराना समाज और सरकारों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। मगर इक्कीसवीं सदी के भारत में क्या महिलाओं को वे अवसर मिल रहे हैं, जिससे देश या विश्व कल्याण की दिशा में आगे बढ़ा जा सके? यह सबसे ज्वलंत सवाल है। आज हम डिजिटल युग में जी रहे हैं, मगर इस युग में सूचना और संचार माध्यमों तक महिलाओं की सीमित पहुंच चिंता का एक विषय है। सूचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, ई-कामर्स और वित्तीय सेवाओं के लिए मोबाइल और इंटरनेट तक पहुंच आज की आवश्यकता है। मगर डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देने वाली वैश्विक संस्था जीएसएमए द्वारा जारी 'मोबाइल जेंडर गैप रिपोर्ट, 2022' में यह तथ्य उजागर हुआ है कि देश एक बड़े डिजिटल विभाजन के दौर से गुजर रहा है।

रिपोर्ट कहती है कि मोबाइल और इंटरनेट तक पहुंच के बिना ऐसे लोगों के और पीछे छूट जाने का खतरा है, जिसमें खासकर आधी आबादी शामिल है। गौरतलब है कि डिजिटल पहुंच का यह अंतर महिला सशक्तिकरण में बाधक बन रहा है। महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और बेहतर स्वास्थ्य के अवसरों से दूर कर रहा है। यहां तक कि सामाजिक हिस्सेदारी में भी पिछड़ापन साफ नजर आता है। कई बार महिलाएं इंटरनेट का इस्तेमाल तो करना चाहती हैं, पर सामाजिक परिवेश महिलाओं को इसकी इजाजत नहीं देता। एशियन डेवलपमेंट बैंक और सोशल नेटवर्किंग मंच 'लिंक्डइन' की 2022 की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार इस अंतर का यह अर्थ भी है कि महिलाएं श्रम बाजार में उन अवसरों से वंचित रह जाती हैं, जहां डिजिटल कुशलता की मांग होती है। ऐसी परिस्थिति में कार्यक्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व संकुचित हो जाता है। इसकी वजह से उन्हें न तो अच्छी नौकरी मिल पाती है और न ही उचित वेतन।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार देश में सिर्फ 54 फीसद महिलाओं के पास मोबाइल फोन है। वहीं 33 फीसद महिलाएं ही इंटरनेट का इस्तेमाल करती हैं। यह स्थिति और दयनीय तब हो जाती है, जब यह पता चलता है कि इनमें से केवल 22.5 प्रतिशत महिलाएं मोबाइल फोन से वित्तीय लेनदेन करती हैं। इन वजहों से महिलाएं समाज में काफी पीछे छूट जाती हैं।



यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने लैंगिक डिजिटल भेदभाव को असमानता का नया चेहरा बताया है। उनका कहना है कि 'महिलाएं भेदभाव के नए तरीके का सामना कर रही हैं और डिजिटल दुनिया पर पुरुषों का वर्चस्व आने वाले समय में मुश्किलें पैदा कर सकता है।' ऐसे में दुनिया और खासकर अपना देश आधुनिक होने का चाहे जितना दिखावा कर ले, लेकिन धरातल पर महिलाओं की स्थिति हर मामले में आज भी पुरुषों से कमतर है। बात जब आधी आबादी से जुड़े अधिकारों की होती है, तो समूचे विश्व में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार साफ देखा जा सकता है। महिलाओं से यही अपेक्षा की जाती है कि वे घर-परिवार की देखभाल करें, घर की चारदीवारी में सीमित रहें। महिलाओं को इंटरनेट और मोबाइल से दूर रखने के कारण भी पितृसत्तात्मक सोच से प्रेरित लगते हैं। भारत का डिजिटल लैंगिक अंतर मुख्य रूप से तीन कारकों का परिणाम है। इसमें पहला ग्रामीण-शहरी विभाजन है, दूसरा आय-आधारित विभाजन और तीसरा सामाजिक कारण है। सब जानते हैं कि देश में मोबाइल फोन को शादी से पहले महिलाओं की प्रतिष्ठा से जोड़ कर देखा जाता है। शहरों में इस दिशा में भले सोच में कुछ परिवर्तन देखने को मिल सकता है, लेकिन दूरदराज क्षेत्रों में शादी के बाद ही अक्सर मोबाइल फोन रखने की इजाजत महिलाओं को होती है। यहां तक कि महिलाओं की आनलाइन गतिविधियों पर अक्सर पुरुषों का नियंत्रण रहता है। महिलाओं का इंटरनेट के प्रति झुकाव कम होने का आर्थिक कारण भी है। एक आंकड़े के अनुसार अगर कोई परिवार मोबाइल इंटरनेट का उपयोग करता है, तो उसे कम से कम अपनी मासिक आय का तीन प्रतिशत इस पर खर्च करना पड़ सकता है, जो किसी भी कम आय वाले परिवार के लिए बहुत अधिक है। ऐसे में महिलाएं आर्थिक दबाव के कारण भी संचार तकनीक के मामले में पीछे छूट जाती हैं।

एक अन्य अध्ययन में कहा गया है कि महिलाओं को सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने से रोका जाता है। महिलाएं इक्कीसवीं सदी में भी डिजिटल मंचों का इस्तेमाल करने में पुरुषों की तुलना में कोसों दूर हैं। ऐसे में भले दुनिया भर में महिला पुरुष समानता की बात हो रही है और हमारे संविधान की धारा 14 से 18 तक में समान अधिकारों की बात कही गई है, पर समाज में पुरुषवादी वर्चस्व किसी से छिपा नहीं है। तभी तो महिलाओं के पास फोन तो है, पर डेटा उपलब्धता के मामले में साफ पिछड़ापन देखा जा सकता है।

'यूएन वुमन जेंडर स्नैपशाट 2022' की रिपोर्ट की मानें तो लैंगिक डिजिटल विभाजन, डिजिटल दुनिया में महिलाओं को शामिल न करने से कम और मध्यम आय वाले देशों को जीडीपी में पिछले दस सालों में एक खरब डालर नुकसान का अनुमान है। रिपोर्ट में इस बात की भी चेतावनी दी गई है कि अगर इस समस्या को समय रहते दूर नहीं किया गया, तो यह नुकसान 2025 तक डेढ़ खरब डालर तक पहुंच सकता है। देखा जाए तो वर्तमान दौर में रोटी, कपड़ा और मकान के बाद मोबाइल फोन और इंटरनेट लोगों की बुनियादी जरूरतों में शामिल हो चुका है। बावजूद इसके, घर की महिलाएं इंटरनेट की पहुंच से काफी दूर हैं। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक डिजिटल तकनीक दुनिया भर में नब्बे फीसद नौकरियों का अभिन्न अंग है, मगर ये नौकरियां केवल डिजिटल रूप से सक्षम और महिलाओं की तुलना में पुरुषों के लिए अधिक उपलब्ध हैं। स्वाभाविक है कि अगर महिलाएं डिजिटल रूप से सक्षम नहीं होंगी, तो उनके लिए काम के अवसर भी कम होंगे।

(ये लेखक के अपने विचार है)

फिल्म पर बैन गलत

इन दिनों केरल में लव जिहाद पर आधारित फिल्म 'द केरल स्टोरी' काफी चर्चा में है। बीजेपी शासित कई राज्यों ने फिल्म को टैक्स फ्री करने का ऐलान किया है, तो पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने राज्य में फिल्म को बैन कर दिया। इसके बाद फिल्म को लेकर विवाद और बढ़ गया।

तुषार पुरोहित
पत्रकार
@jagrukjanta.net

एक बार फिर किसी एक फिल्म को लेकर देश की राजनीति दो हिस्सों में बंटी नजर आ रही है। मामला 'द केरल स्टोरी' का है जिसमें साजिशन धर्मांतरण करवाकर लड़कियों को आतंक के जाल में फंसाने का मुद्दा उठाया गया है। फिल्म में इस विषय को कितने अच्छे या बुरे ढंग से दिखाया गया है, यह एक अलग सवाल है। इसके चित्रण की प्रामाणिकता पर सवाल उठाए जा रहे हैं तो उसकी तारीफ भी की जा रही है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान इस फिल्म का जिक्र किया और इसमें उठाए गए मुद्दे की गंभीरता की ओर लोगों का ध्यान खींचा। दूसरी तरफ विपक्षी नेताओं का आरोप है कि फिल्म में काल्पनिक बातों को सच्ची घटनाओं पर आधारित बताते हुए पेश किया गया है, जिसका मकसद केरल के समाज को बदनाम करना है। मगर ये आरोप-प्रत्यारोप और शिकवा-शिकायतें अपनी जगह हैं। देश में कानून का शासन है और उसका सम्मान सरकार तथा शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों के साथ सभी को करना चाहिए। अफसोस की बात है कि हमारी सरकारें भी अक्सर राजनीतिक हानि-लाभ की चिंता में महत्वपूर्ण संस्थाओं के अधिकार क्षेत्रों और उनकी मान-मर्यादा का ख्याल छोड़ देती हैं। पश्चिम बंगाल सरकार का 'द केरल स्टोरी' को बैन करने का फैसला इसी श्रेणी में आता है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए आदेश जारी कर दिया कि राज्य के किसी भी सिनेमाघर में यह फिल्म प्रदर्शित नहीं की जाएगी। लेकिन यह फिल्म यूं ही सिनेमाघरों तक नहीं पहुंची है। फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने उचित प्रक्रिया के तहत उसका परीक्षण करने के बाद बाकायदा उसे ए सर्टिफिकेट प्रदान किया है। उसके बाद भी फिल्म का प्रदर्शन रुकवाने के तमाम कानूनी प्रयास किए गए जो नाकाम रहे। केरल हाईकोर्ट ने फिल्म का प्रदर्शन रोकने का अनुरोध ठुकरा दिया। सुप्रीम कोर्ट भी इस मामले में हाईकोर्ट को निर्देश देने की अपील खारिज कर चुका है। इस सबके बाद भी अगर कोई राज्य सरकार कहती है कि फिल्म दिखाए जाने से उसके यहां कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है तो सवाल उस राज्य में कानून-व्यवस्था मशीनरी की कुशलता पर उठता है। यह राज्य सरकार का दायित्व है कि वह सेंसर बोर्ड से मंजूर की गई फिल्में देखने का अपने नागरिकों का अधिकार छिनने न दे। तमिलनाडु सरकार ने फिल्में न दिखाने का ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया, लेकिन वहां भी फिल्म प्रदर्शित नहीं हो सकी, जिसे बीजेपी राज्य सरकार की परोक्ष दादागीरी बता रही है। बहरहाल, दक्षिणपंथी दल और संगठन इस मामले में पहले से बदनाम रहे हैं। हर छोटे-बड़े मुद्दे को अपनी धार्मिक या सांस्कृतिक भावनाओं का अपमान बताने का ट्रेंड हम हाल के वर्षों में देखते रहे हैं। अफसोस यह है कि खुद को लेफ्ट लिबरल दायरे में रखने वाले लोग भी कोई बेहतर उदाहरण नहीं पेश कर पा रहे।

सकारात्मक सोच का सकारात्मक प्रभाव

सकारात्मकता ना सिर्फ सोच में, व्यवहार में भी लाना आवश्यक है। किसी ने आपके साथ कैसा व्यवहार किया यह भूलकर अपनी तरफ से 100% देने की कोशिश ही इस सोच का प्रभाव है। ऐसा करने पर आप एक आंतरिक खुशी एवं सुख का अनुभव करेंगे।

डॉ. टीना राव
समाजसेविका
@jagrukjanta.net

मनुष्य एक विचारशील प्राणी है। उसकी यही सोचने समझने की क्षमता ही उसे जानवरों से भिन्न बनाती है। अर्थात यदि व्यक्ति बुद्धिमत्ता का प्रयोग ना करें, विचार ना करें, तो उसमें और पशु में कोई अंतर ही नहीं रह जाएगा। यह कथन स्वतः सिद्ध है। अतः हम विचारों की बात करें तो विचार दो प्रकार के होते हैं। (1) सकारात्मक (2) नकारात्मक। यहा पर हम सकारात्मक विचारों पर दृष्टि डालेंगे की , उसका हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पडता हे। यह मेरे व्यक्तिगत विचार है, कि जब आप सकारात्मक एवं अच्छा - अच्छा ही सोचते हैं तब सब अच्छा ही होता है। फिर चाहे राह में कितनी ही अड़चनें आए वह आपको विचलित नहीं करती है। क्योंकि आप यह समझ चुके होते हैं कि ,आगे सब अच्छा ही होगा।इस परिस्थिति के बाद सब ठीक हो जाएगा। ऐसा सोचना ही आपका मनोबल बढ़ाता है। ऐसा सोचते-सोचते ही हमारा जीवन जो कि चलायमान है, अपनी गति से चलता हुआ मंजिल तक पहुंच ही जाता है। और हमारी सकारात्मक सोच एवं क्षमता का फल भविष्य में ही सही पर हमें मिलता जरुर है। वर्तमान में यही सोच हमें सकारात्मक ऊर्जा से ही नहीं भरती है वरन हमें जीवन जीने की कला भी सिखलाती है।हमारा उत्तम स्वास्थ्य ही इसका परिणाम है। वर्तमान में मन एवं आत्मा की शांति एक गहन विषय बन चुकी है ।जो कम ही लोगों को नसीब होती है। सब कुछ होते हुए भी मनुष्य वर्तमान में संतुष्ट नहीं है, खुश नहीं हैं। कारण सोच का ही है। आत्म संतुष्टि सबसे बड़ा धन है जो, आत्म शांति से ही प्राप्त हो सकता है।

सकारात्मकता ना सिर्फ सोच में, व्यवहार में भी लाना आवश्यक है। किसी ने आपके साथ कैसा व्यवहार किया यह भूलकर अपनी तरफ से 100% देने की कोशिश ही इस सोच का प्रभाव है। ऐसा करने पर आप एक आंतरिक खुशी एवं सुख का अनुभव करेंगे। जो आपको ना सिर्फ़ परमात्मा के करीब ले जाएगा वरन् आपको एक आत्मिक सुख का भी अनुभव कराएंगा। जिसकी जैसी सोच है वह वैसा ही कर्म करेगा। आप अपनी सोच गुणवत्ता परख रखिए, आत्मावलोकन करते हुए आप अच्छा करने में अच्छाई बांटने में लगे रहिए।"जिसकी करनी जिससे साथ" के तर्ज पर अपना कर्म निस्वार्थ, शुद्धता से करिए। फिर देखिए आपके जीवन में कैसे चमत्कारिक प्रभाव आपको देखने को मिलते हैं। यह मेरा मानना है कि यह कार्य, यह ऊर्जा, जो सकारात्मकता से आपको प्राप्त होगी, आपको वर्तमान और भविष्य दोनों में ही आत्म आनन्द की सुखद अनुभूति कराएंगी। इसलिए सकारात्मक सोचिएं सकारात्मक कहिए और सकारात्मक रहिए।

सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव

भक्ति चन्द्रमा है और ज्ञान है सूर्य। दोनों में प्रकाश एक ईश्वर का ही है। संसारी मनुष्य जब सुख के लिए चारों ओर भटकते फिरते हैं और कीं सुख नहीं पाते तो अंत में थक जाते हैं। जब संसार की आसक्ति से उन्हें दुःख ही दुःख मिलता है तब उन्हें वैराग्य आता है। एक पक्षी जहाज से मस्तूल पर बैठ गया। जब जहाज बीच समुद्र में आ गया, पक्षी को होश हुआ। वह किनारे की खोज के लिए चारों ओर उड़ते-उड़ते थक गया। चारों ओर अथाह जल ही जल। थक कर जब और नहीं उड़ा गया तो निष्चेष्ट होकर उसी मस्तूल पर बैठा रहा। तब मन में किसी प्रकार की चंचलता नहीं रही। ऐसे ही संसार के विषय भोगों से थक हारकर किसी-किसी को वैराग्य होता है, वे सांसारिक चेष्टाओं का त्याग कर देते हैं। जब तक मनुष्य का अहं भाव यानि मैं दूर नहीं ोता, तब तक ज्ञान होना कठिन है। समाधि अवस्था में अहं दूर होता है, किंतु समाधि टूटते ही फिर आ जाता है। पीपल का पेड़ काट डालो फिर कुछ दिन बाद उसमें अंकुर निकल आता है। ज्ञान लाभ के बाद भी जब 'मैं' पूर्ण रूप से जाने का नहीं तो इस 'मैं' को रखो, किंतु भगवान का दास बनाकर यानि भगवान की भक्ति करो। जब तक जीव मैं मैं करता रहेगा, उसका निस्तार नहीं। तू ही तू ही कहने से ही निस्तार होगा। बैल हम्बा हम्बा (हम हम) करता है, इसी से उसे इतनी यातना मिलती है। क्रमशः

लड़की और लड़की के लिए परिवार, दोनों को बदलना होगा

अखिलेश सिंह
अधिवक्ता
@jagrukjanta.net

जाज़ साहब का शेर है-
तिरे माथे पे ये आंचल बहुत ही
ख़ूब है लेकिन
तू इस आंचल से इक परचम बना
लेती तो अच्छा था

बरसों पहले लिखे इस शेर में असर था। लड़कियों ने आंचल में उलझी शर्म को झटककर उसे इंकलाब में बदला। घरों से निकलीं। खूब पढ़ी लिखीं, नौकरी की और अपने पांवों पर खड़ी हुईं। इसके लिए दूसरे शहरों में जाकर अकेला रहना शुरू किया। घर वालों और रिश्तेदारों से बगावत कर शादियां भी कीं। पर बीते कुछ समय में श्रद्धा, अंकिता, किरन नेगी और बॉलीवुड में कई लड़कियां हत्या और आत्महत्या का शिकार हुई हैं। तेजी से बदलता समाज और परिवार भी ऐसे हादसों को देखकर डर रहे हैं। लग रहा है कि कहीं न कहीं कोई बड़ी गलती हो रही है और इस गलती को कोई सबसे ज्यादा दुरुस्त कर सकता है तो वो हैं खुद लड़कियां और परिवार।

बात गलतियों की, तो यह पूरे समाज की हैं। परिवार के संस्कारों की हैं। समाज में बरसों से कायम पुरुषवाद की हैं और इस वाद को खत्म करने में जल्दबाजी करती और सही सामंजस्य बना पाने में नाकामयाब रहती युवा महिलाओं की हैं। समझदारी और आजादी को साथ-साथ लेकर चलना होगा। श्रद्धा के केस को उदाहरण के तौर पर लेते हैं। अभी तक जो कहानी सामने आई है, उसका अदालत में साबित होना बाकी है। फिर भी अगर आफताब के बयान को सच मानें तो इस पूरे मामले को एक केस स्टडी के तौर पर लिया जा सकता है। भारतीय समाज में जिस तरह के बदलाव आए हैं, उसमें युवतियों को पहले के मुकाबले काफी हद तक आजादी दी गई है लेकिन अभी भी शादी या लिव-इन जैसे सम्बन्ध तोड़कर वापस घर आने वाली लड़कियों के लिए दरवाजे आसानी से नहीं खुल रहे हैं। सिर्फ इस डर से कि लोग या समाज क्या कहेगा, अभिभावक अपनी बेटियों के लिए वापसी के दरवाजे उस प्यार से नहीं खोलते, जिस प्यार से उन्होंने बच्ची को पाला होता है।

ऐसी हालत में लड़की उस रिश्ते को ढोती है जिसे उसमें आए दिन अपमान या गाली, थप्पड़ और लात घूंसों का सामना करना पड़ता है। श्रद्धा का मामला इस लिहाज से थोड़ा अलग है। इस मामले में पीड़िता के माता-पिता खुद ही एक दूसरे से अलग रहते थे। मां ने आफताब से रिश्ते के लिए मना भी किया। उसने उसके पिता से भी बात कराकर सम्बन्ध को रोकना चाहा लेकिन श्रद्धा मार खाकर भी वापस आने को तैयार नहीं हुई। कई दूसरे मामलों में घर से बगावत करके नौकरी या शादी में गई लड़की भी इसीलिए पति या साथी की प्रताड़ना को झेलती रहती है क्योंकि उसे पता है कि घर और समाज उसकी वापसी का स्वागत नहीं करेगा। यही हालात बदलने होंगे। परिवारों को अपनी बेटियों को प्रोटेक्शन देना होगा। उसके हितों की लड़ाई लड़नी होगी। माहौल तब बदलेगा। और अगर घर वाले भी नहीं बदलते तो लड़की को खुद में इतनी ताकत लानी होगी कि वह दूसरी बगावत को भी तैयार रहे। यानी एक बार तो वह घर वालों से लड़कर अपने फैसले के लिए बाहर निकली है। अब अगर नए रिश्ते में भी वह खुश नहीं है और उसके साथ अत्याचार हो रहा है तो उसे फिर से बागी होना होगा। आखिर जब एक युवती प्रेमी के लिए घर छोड़ सकती है तो प्रेम के न रहने पर प्रेमी, पति या लिव-इन साथी को क्यों नहीं।

गलती एक बरदाश्त की जा सकती है, दो की जा सकती हैं लेकिन तीसरी गलती का मौका भी नहीं देना चाहिए। जब लड़की प्रेम के लिए सारे बंधन तोड़ के निकली तो वह मार कैसे खा सकती है। पहले थप्पड़ का ही मजबूत जवाब देना चाहिए। हाथ-पांव से संभव न हो तो कानून के जरिए। इसके लिए हर समझदार युवती के लिए जरूरी है कि वह अपनी आर्थिक मजबूती का हमेशा ख़याल रखे और खुद को सक्षम बनाए। पुरानी पीढ़ी की ज्यादातर महिलाओं ने मर्द की हिंसा को इसीलिए बर्दाश्त किया क्योंकि अकेले जीने के लिए उनके पास कोई जरिया नहीं था और घर वालों को समाज से डर लगता था। आज की बच्चियों को पहला ध्यान अपने स्किल डिवेलपमेंट और पढ़ाई के जरिए आर्थिक रूप से सक्षम होने पर देना चाहिए। एक बार रोजगार की गारंटी हुई तो फिर वह खुलकर अपने फैसले ले सकती हैं और हर हमले का मजबूत जवाब दे सकती हैं। अपनी भावुकता को उन्हें व्यवहारिकता में बदलना ही होगा, नहीं तो न जाने कब उनका साथी आफताब या सुशील शर्मा हो जाए, इस बात की क्या गारंटी। ऐसे लोगों की पहचान पहले थप्पड़ से ही हो जानी चाहिए। वरना यह सोचना अब आपकी मजबूरी है कि दुनिया में ऐसे ऐसे लोग भी हैं जो किसी को मार कर, उसकी लाश को काटकर फ्रिज में भरकर, फिर घर में दूसरी लड़की लाकर उसके साथ भी मोहब्बत का नाटक कर सकते हैं। इतना यकीन है कि मां-बाप समाज से भले ही डरते हों लेकिन आप के ऐसे खराब हश्र की कल्पना वह कभी नहीं कर सकते। पहले आप का फैसला गलत साबित हुआ। फिर भी ऐसे किसी झगड़े में, संशय की स्थिति में और मजबूर हो जाने पर आपके मां-बाप हमेशा आप के साथ होंगे, ऐसी उम्मीद रखिए। अभिभावकों को भी सलाह है कि बच्चों से इतने नाराज कभी न हों कि वह यह सोचने लगें कि आप तक जाने का तो रास्ता ही बंद है। लड़कियों के साथ हो रही ऐसी त्रासदियों के वक्त में भारी मन से यह शेर और बात खत्म कि...

कोई इल्ज़ाम रह गया हो तो वो भी लगा दो
पहले भी हम बुरे थे अब थोड़ा और बुरा बना दो

जागरूक जनता Selfie विद सन

तनुज सन अंकिता - गजेन्द्र खण्डेलवाल, जयपुर

हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

पंचांग

ज्योतिर्विद्
अक्षय
शास्त्री
साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 17/05/2023

सूर्योदय : 05:42 **सूर्यास्त** : 19:04 **चन्द्रोदय** : 03:57 **चन्द्रास्त** : 16:59 **शक सम्वत** : 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना** : वैशाख **पूर्णिमांत** : ज्येष्ठ **सूर्य राशि** : वृषभ **चन्द्र राशि** : मीन **पक्ष** : कृष्ण **तिथि** : त्रयोदशी, 22:31 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1945 शोभकृत **विक्रम सम्वत** : 2080 नल **गुजराती सम्वत** : 2079 आनन्द **चन्द्रमास ज्येष्ठ** : पूर्णिमान्त **वैशाख** : अमान्त

नक्षत्र, योग, करण

नक्षत्र : रेवती, 05:38 तक
योग : आयुष्मान, 21:18 तक
प्रथम करण : गारा, 11:02 तक
द्वितिय करण : वणिजा, 22:31 तक

शुभ समय

ब्रह्म मुहूर्त	04:06 ए एम से
प्रातः सन्ध्या	04:27 ए एम से
अभिजित मुहूर्त	कोई नहीं
विजय मुहूर्त	02:34 पी एम से
गोधूलि मुहूर्त	07:05 पी एम से
सायाह्न सन्ध्या	07:06 पी एम से
अमृत काल	12:15 ए एम, मई 18 से
निशिता मुहूर्त	11:57 पी एम से 12:38 ए एम, मई 18

निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : केतु
कुंभ चक्र: कंठ

चौघड़िया

दिन का चौघड़िया

लाभ : 05:41 - 07:21
अमृत : 07:21 - 09:02
काल काल वेला : 09:02 - 10:42
शुभ : 10:42 - 12:22
रोग वार वेला : 12:22 - 02:02
उद्वेग : 02:02 - 03:43
चर : 03:43 - 05:23
लाभ : 05:23 - 07:03

रात का चौघड़िया

उद्वेग : 07:03 - 08:23
शुभ : 08:23 - 09:42
अमृत : 09:42 - 11:02
चर : 11:02 - 12:22
रोग : 12:22 - 01:42
काल : 01:42 - 03:01
लाभ : 03:01 - 04:21
उद्वेग : 04:21- 05:41

अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।

आज त्रयोदशी

आज कौन सा कार्य करें

राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं। यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है। ऋण नहीं देना चाहिए।

बुधवार को क्या करें

बुधवार की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

ये कार्य करें :- सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

यह कार्य न करें:- उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

नोट : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

राशिफल

ज्येष्ठ, कृष्ण, त्रयोदशी, 2080 बुधवार, 17 मई - 23 मई, 2023

मेष
चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

सार्वजनिक जीवन अधिक बेहतर बनेगा उधारी वाले परेशान कर सकते है। आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मध्यान पश्चात मित्र-परिजनों के साथ मनोरंजन के अवसर मिलेंगे।

वृषभ
ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो

गैस-कब्ज-पित्त के रोग से परेशानी होगी। क्रय-विक्रय के व्यापार से लाभ होगा विदेशी वस्तुओ के व्यापार में निवेश आगे के लिये लाभदायक रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सम्बन्ध बिगड़ेंगे।

मिथुन
क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह

क्रोध पर संयम रखें। आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

कर्क
हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

सुख सुविधा जुटाने पर खर्च करेंगे आकस्मिक यात्रा से लाभ होगा। कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा।

सिंह
मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे

व्यवहार कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

कन्या
टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

मित्र परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

तुला
रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तु, ते

बीमारी पर खर्च होगा। बुजुर्गो के साथ समय बिताएं मार्गदर्शन मिलेगा। संतान से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है।

वृश्चिक
तो,ना,नी, नू,या,यी,यू

कार्यो में मनचाही सफलता मिलने से प्रसन्न रहेंगे। नौकरी पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा।

धनु
ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे

साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा। महिला मित्र से मुलाकात होगी। नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे।

मकर
भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,

आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा। परिजनों के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे।

कुंभ
गु, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा

नए कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

मीन
दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि

आर्थिक लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

ट्रोमा सेंटर पर नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने दिया बीएलएस प्रशिक्षण

मदर्स डे पर माताओं ने सीखा सीपीआर देना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। मातृ दिवस (मदर्स डे) के उपलक्ष्य में ट्रॉमा सेंटर की स्किल लैब में 39 माताओं को बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) का प्रशिक्षण दिया गया। ट्रॉमा सेंटर के नोडल अधिकारी डॉक्टर अनुराग धाकड ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सामान्य जन ख़ासकर माताओं को दुर्घटनाओं में घायल रोगी को दुर्घटना स्थल पर ही तुरंत सी पीआर देकर चिकित्सालय पहुँचाने से पूर्व प्राणो की रक्षा की जा सके। दुर्घटना के पश्चात् प्रथम दस मिनट में यदि बेसिक लाइफ सपोर्ट दिया जाये तो सैंकड़ों जाने बचाई जा सकतीं हैं। चूँकि माताएँ घर की मुख्य धुरी होतीं हैं तो परिवार में यदि किसी सदस्य की दुर्घटना हो जाये या हार्ट अटैक आ जाये तो एम्बुलेंस सहायता मिलने से पूर्व सी पी आर देकर रोगी की जान बचाई जा सकती है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उद्योग एवं देवस्थान कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत थीं । उन्होंने इस प्रकार माताओं को बी एल एस प्रशिक्षण को ट्रॉमा सेंटर की अभिनव पहल बताया और इसे सच्ची राष्ट सेवा कहा। रावत ने प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेकर डमी पर सी पी आर अभ्यास किया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एस एम एस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव बग़रहट्टा, एस एम एस अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर अचल शर्मा, स्किल लैब के नोडल डॉक्टर देवेंद्र पुरोहित, ट्रॉमा सेंटर के उपाधीक्षक डॉक्टर जगदीश मोदी थे।मास्टर ट्रेनर राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता नर्सिंग ऑफिसर राजकुमार राजपाल एवं राधेलाल थे। प्रशिक्षण के पश्चात सभी प्रतिभागी माताओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र दिये गये।

एन. के. पब्लिक स्कूल में 'मदर्स डे सेलिब्रेशन'

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। माँ, इस एक शब्द में सारी सृष्टि समाई है। हमारा रोम-रोम, हमारी हर स्वांस माँ की ऋणी है। ऐसे में ममतामयी माँ की महानता को याद करने के लिए 'मदर्स डे' से बेहतर भला कौन-सा मौका हो सकता है। इन्हीं भावनाओं को व्यक्त करने के लिए एन. के. पब्लिक स्कूल में 'मदर्स डे' सेलिब्रेट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. ममता लाम्बा, एसो. प्रोफेसर सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर, डॉ. श्राविका हिंगोनिया, चिकित्सा अधिकारी, राजकीय चिकित्सालय, अजमेर व विषेष अतिथि के रूप में संस्था के प्रबंध निदेशक डॉ. एन. सी. लुनायच व निदेषक कुलदीप सिंह को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप-प्रज्ज्वलित कर व विद्यालय की प्रधानाचार्या चित्राराजे बसेरा द्वारा सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षण संकुल के प्रबंध निदेशक डॉ. एन. सी. लुनायच ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस संसार में केवल एक माँ ही ऐसी है जो अपने शिशु की प्यारी सी मुस्कान पर अपनी सारी खुषियाँ लुटा देती है और उसका भविष्य सँवारने के लिए अपने सपनों और अपनी इच्छाओं को भी भूल जाती हैं। एक सन्तान होने के नाते बच्चों को अपने माता-पिता की हर आज्ञा का पालन करना चाहिए। तभी उसका जीवन सफल हो पायेगा। संस्था के निदेशक कुलदीप सिंह ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों व उनकी माताओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि बच्चे की प्रथम गुरू उसकी माँ ही होती है। इसलिए हर माँ को अपने बच्चों को ऐसे संस्कार देने चाहिए जिससे बच्चा चरित्रवान, ऊर्जावान और हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की योग्यता रखता हो। अंत में विद्यालय की प्राचार्या चित्राराजे बसेरा ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

ज्ञानवापी मंदिर-मस्जिद विवाद: अब पूरे परिसर का होगा सर्वे

जागरूक जनता @ वाराणसी। वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के एएसआई सर्वे की याचिका को मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए 22 को अगली सुनवाई का आदेश दिया है। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से कहा है कि वह 19 मई को इस पर अपनी आपत्ति दाखिल करे। इस तरह ज्ञानवापी मस्जिद का मसला भी अयोध्या के राममंदिर विवाद वाले केस की तर्ज पर आगे बढ़ रहा है। अयोध्या में भी आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर राममंदिर का अस्तित्व के बारे में कोर्ट ने फैसला दिया था। ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में बने वजूखाने में शिवलिंग जैसी आकृति मिलने के दावे के बाद इस पूरे विवाद ने दिलचस्प मोड़ ले लिया था। यह भी संयोग ही है कि ठीक एक साल पहले 16 मई 2022 को ज्ञानवापी परिसर के एडवोकेट कमिश्नर सर्वे के दौरान ज्ञानवापी परिसर में कथित शिवलिंग मिला था।

तीन साल बाद जयपुर से 27 उड़ान, 6000 यात्री जाएंगे

हजयात्रा 21 से, हज हाउस के रिनोवेशन के बाद यात्रियों को ठहरने में मिलेगी सुविधा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। हज-2023 के मुकद्दस सफर 21 मई से शुरू होगा। हज के लिए तीन साल बाद पुनः जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से यात्री उड़ान भरेंगे। राज्य के कुल 6000 यात्री 27 उड़ानों से सउदी अरब पहुंचेंगे। 21 से 28 मई तक रोजाना एक, 28 मई से लेकर 6 जून तक दो-दो उड़ानों के जरिए राजस्थान के हज यात्री मदीने के लिए सउदी अरब के लिए उड़ान भरेंगे। हर फ्लाइट में 249 यात्री सफर करेंगे। सफर के तीन दिन पहले हाजियों का रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। हर यात्री की मदद के लिए कमेटी के अधिकारी, कार्मिक हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। इस बार राज्य के यात्री सीधे मक्का न जाकर मदीना जाएंगे। कारण कि यात्रा के पहले फेज में राजस्थान को लिया गया है।

यात्रियों को हज हाउस में मिलेंगी कई सौगात

राजस्थान हज वेलफेयर सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी हाजी शेख निजामुद्दीन ने बताया कि हाजियों को पूरे सफर में कोई परेशानी न हो इसके लिए अलग-अलग प्रशिक्षण शिविरों में जियारत के तौर तरीकों सहित अन्य अहम जानकारियां मुहैया करवाई जाएंगी। इसके साथ ही यात्रा से पहले रामगढ़ मोड कर्बला स्थित हज हाउस में यात्रियों को कई सौगात भी मिलेंगी। हज हाउस में दो करोड़ 65 लाख रुपए की लागत से एक और मंजिल तैयार करवाई जा रही है। छत डाली जा चुकी है। सफर से पहले कुछ निर्माण कार्य का हिस्सा काम में लिया जाएगा। यहां कमरे, हॉल भी आगामी दिनों में तैयार हो जाएंगे।

कलाकारों ने साधे देस, बागेश्री, श्याम कल्याण, सोहनी, भूपाली सरीखी रागों के सुर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। संगीत आश्रम संस्थान, शास्त्रीनगर की ओर से संस्थान सभागार में चल रहे दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह के आखिरी दिन शनिवार को कई बाल व युवा कलाकारों ने विभिन्न राग-रागनियों के सुर साधे। संगीत निर्देशक अमित अनुपम के निर्देशन में सजे इस कार्यक्रम में कलाकारों ने राग शुद्ध सारंग, देस, बागेश्री, अडाना, श्याम कल्याण, सोहनी, काफी, भूपाली सरीखे रागों में सुर, लय और ताल की उम्दा बानगी दर्शाकर मौजूद श्रोताओं को आह्लादित कर दिया।

मानन कीजे अपने पिया सूं..

कार्यकम की शुरुआत में कलाकार मधुमिता सेन ने राग जैतश्री की बंदिश मानन कीजे अपने पिया सूं..., प्राजक्ता जायसवाल ने राग जोग की बंदिश आली कैसे कर आए...को सुरों की दकीकता से पेश कर माहौल में सुरीलापन घोल दिया। कार्यर्क म में वनिता हीरानी, वाणी, कनिष्का, लक्ष्य शर्मा, वरुण, विमर्श, कशिश कंवर, रियांशी गोयल, जयति कुमारी, नयन सोनी, सानतिका शर्मा, तनविका शर्मा, जीनस कंवर, सुमित्रा अग्रवाल, अमन जड़िया और गोपालसिंह ने भी सुर साधे। तमाम कलाकारों ने सुरों के खूबसूरत लगाव, ठहराव का बेहतरीन प्रदर्शन किया। तबले पर दिलशाद खान और हारमोनियम पर अंजना गुप्ता व हरीश नागौरी ने प्रभावी संगत की। संचालन वीना अनुपम ने किया। अंत में संस्थान सचिव अमित अनुपम ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

राजस्थान नर्सिंग काउंसिल

3.13 लाख पंजीकृत नर्सेज की बनेगी 'प्रोफाइल'

विदेश में सेवाएं दे रहे गुड स्टेडिंग प्रमाण पत्र के लिए नहीं आना पड़ेगा जयपुर

पंजीकरण, नवीनीकरण व एनओसी की फाइलें कहां पहुंची, पता रहेगा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। प्रदेश के नर्सेज को रजिस्ट्रेशन, नवीनीकरण, डुप्लीकेट प्रमाण पत्र और एनओसी जैसे कामों के लिए खुद का पता रहेगा कि उसकी फाइल कहां तक पहुंच गई। राजस्थान नर्सिंग काउंसिल प्रदेश के 3 लाख 13 हजार पंजीकृत नर्सेज की प्रोफाइल बनाने की तैयारी की जा रही है। जिससे किसी भी प्रकार के कार्य के लिए न केवल प्रोफाइल को डाउनलोड बल्कि स्थिति के बारे में भी जानकारी रहेगी। विदेशों में नर्सिंग सेवाएं देने वाले राज्य के नर्सेज को काउंसिल के लिए जयपुर नहीं आना पड़ेगा। विदेश में बैठे लोग कंप्यूटर के जरिए ऑनलाइन ही सारी प्रक्रिया घर बैठे ही कर सकेंगे। काउंसिल में हर माह 40 से 50 गुड स्टेडिंग प्रमाण पत्र बनते है। राजस्थान नर्सिंग काउंसिल ने राज्य के बाहर से अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता वालों को राहत दी है। अब सीधे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। केवल बाहर से कोर्स करने वाले की डिग्री का वेरिफिकेशन होगा। सही पाए जाने पर काउंसिल रजिस्ट्रेशन करेगा।

राज्य के बाहर से कोर्स करने पर पहले तो बेसिक योग्यता जीएनएम या बीएससी को राजस्थान से डिलीट कराना होता है। फिर जिस राज्य से कोर्स अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता ली है। वहां की काउंसिल से बेसिक पंजीकरण करवाना पड़ता है। उसके बाद में ही अतिरिक्त योग्यता को जोड़ने का नियम था। फिर निरस्त कराकर राजस्थान में आवेदन करना पड़ता था। दो कोर्सेज के लिए मिलेगा एक ही प्रमाण पत्रः ऐसे में राजस्थान स्टेट नर्सिंग काउंसिल ने अब आरएन एवं आरएम दोनों के लिए एक ही प्रमाण पत्र जारी करेगा।

बॉलीवुड मूवी चल जिन्दगी का प्रमोशनल इवेंट, 26 मई को होगी रिलीज

जयपुर का बाल कलाकार विवान बनेगा बॉलीवुड का सुपरस्टार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। मम्मी ने मुझे एक्टिंग का पहला सबक दिया और पापा ने अच्छी संतान और इंसान बनने का, बस! यहीं से शुरू हुई कलाकार बनने की जर्नी। यह कहना था जयपुर के लाड़ले चाइल्ड एक्टर विवान शर्मा (11) का। यहां वैशाली नगर स्थित सीज्जलिन सीजर्स परिसर में गुरुवार को बॉलीवुड मूवी चल जिन्दगी के प्रमोशनल इवेंट को लेकर हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विवान पत्रकारों को अपनी जर्नी की सिलसिलेवार दास्तां बताई। विवान ने बताया कि उन्होंने इस मूवी से सीखा कि हमेशा चलते रहने का नाम ही जिंदगी है। राह में चाहे कितनी भी मुश्किलें आए हमें हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। छोटी सी जिदगी है, कल किसने देखा है। अपने आज में खुश रहो। विवान इस फिल्म में लंगा मांगणियार जैसे फोक आर्टिस्ट की भूमिका में नजर आएंगे। यहां मौजूद एक्टर्स ने कहा कि विवान की एक्टिंग में काफी पोटेंशियल है। वो एक दिन बॉलीवुड का सुपरस्टार जरूर बनेगा। इस मौके पर एक्टर विवेक दहिया बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर कुमार सानू की बेटी हॉलीवुड सिंगर, एक्ट्रेस शैनन और एक्टर संदीप गौड़ ने भी अपने एक्सपीरियंस शेयर किए। इससे पहले सीज्जलिन सीजर्स की ओनर व ब्यूटी एक्सपर्ट दीपाली चुघ और डायरेक्टर अयान चुघ ने तमाम एक्टर्स का वेलकम किया। यह फिल्म 26 मई को रिलीज होगी। जयपुर के ही प्रोड्यूसर, राइटर और डायरेक्टर विवेक शर्मा ने बताया कि इस मूवी की स्क्रिप्ट और डायरेक्शन में एक नयापन देने की कोशिश की है। गाने भी उन्होंने लिखे है।

नृत्य प्रस्तुति देकर मनाया मदर्स डे

जागरूक जनता @ जयपुर। स्वेज फार्म स्थित बिट्स डांस इंस्टीट्यूट में मदर्स डे सेलिब्रेट किया गया। इसमें बच्चों ने नए और पुराने गानों पर मां के प्रति डांस के ज़रिए भावनाएं व्यक्त की। कपिल शर्मा ने बताया। करीब 30 से 40 बच्चों ने डांस वे अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इसमें कविताएं, कार्ड मेकिंग और माता के योगदान के बारे मैं बताया गया। जिन्हें सुनकर बच्चों की माताएं भावविभोर हो गई और सभी बच्चों को शुभकामनाये दी।

6 दिवसीय एसयूपीडब्ल्यू कैंप का समापन

जागरूक जनता @ जयपुर। बियानी कॉलेज ऑफ सांइस एंड मैनेजमेंट, कालवाड़ महाविद्यालय में 6 दिवसीय एसयूपीडब्ल्यू कैंप का समापन शनिवार को सांस्कृतिक प्रोग्राम के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यर्क म की शुरूआत मुख्य अतिथि जोबनेर के संरपच संघ अध्यक्ष दिनेश निठारवाल, विशिष्ठ अतिथि खैजड़ियावास सरपंच सोहन सहपट, खेड़ी सरपंच यतीश कुमार वर्मा, गेस्ट ऑफ ऑनर महर्षि दयानन्द बीएड कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ सुनीता भाटिया, बियानी बीएड कॉलेज प्रिसिंपल डॉ एकता पारीक, महर्षि दयानन्द बीएड कॉलेज की व्याख्यता निलिमा भागर्व और बियानी ग्रुप कॉलेजेज के निदेशक डॉ संजय बियानी ने दीप प्रज्वलित कर की। इस 6 दिवसीय कैंप में विद्यार्थियों द्वारा कैंपस की साफ सफाई, पौधारोपण, एजुकेशन सर्वे, रंगोली-पोस्टर मैकिंग वर्कशॉप, आर्ट एंड क्राफट एक्जिबिशन, फूड मेनिया और सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यर्क म के समापन के दौरान कॉलेज निदेशक डॉ. संजय बियानी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

प्रियंका पीएचडी की उपाधि से अलंकृत

जागरूक जनता @ जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के जनसंचार विभाग ने प्रियंका चतुर्वेदी को पीएचडी उपाधि प्रदान की। चतुर्वेदी ने अपना शोधकार्य हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार लोढ़ा के निर्देशन में पूरा किया है। उनका रिसर्च टॉपिक डिजिटलाइज़्ड समाचार-पत्र एक मूल्यांकन रहा। शोध के दौरान समाचारपत्रों की वेबसाइट और उनके ई-संस्करण के बारे में अध्ययन किया गया। प्रियंका चतुर्वेदी वर्तमान में सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान सरकार के पद पर कार्यरत हैं।

जयपुर को एक रखने के लिए की सामूहिक महाआरती

जागरूक जनता @ जयपुर। म्हारो जयपुर प्यारो जयपुर अभियान के तहत झारखंड महादेव मंदिर में एक विशाल सामूहिक महा आरती का आयोजन किया गया। काफी संख्या में शहरवासी मंदिर पहुंचे और आरती करके सरकार को सद्बुद्धि के लिए पूजा अर्चना की और जयपुर शहर को एक जिला बनाने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प भी लिया गया। अभियान से जुड़े सुनील कोठारी ने बताया कि सरकार द्वारा जयपुर शहर को उत्तर व जयपुर दक्षिण जिलों में बांटने से शहर के लोग काफी नाराज हैं। शहरवासी चाहते हैं जयपुर को एक ही रखें। आगे के क्रम में गलता के सूर्य मंदिर और आमेर की शिला माता के मंदिर में महाआरती की जाएगी।

कर्नाटक में जीत के बाद अब राजस्थान में सभी नेताओं को एक जाजम पर लाने की तैयारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। पार्टी नेताओं की एकजुटता के चलते कर्नाटक चुनाव में जीत का परचम लहराने वाली कांग्रेस अब राजस्थान में भी इसी फॉर्मूले पर अमल करने जा रही है। इसके तहत नेताओं के बीच मनभेद और मतभेद भुलाकर उन्हें एक जाजम पर लाने की कवायद शुरू की गई है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भी शनिवार को नेताओं के बीच आपसी मनमुटाव दूर कर सुलह कराने के संकेत दिए। रंधावा का कहना है कि सभी नेताओं को एक जाजम पर लाकर उनके मनभेद और मतभेद दूर किए जाएंगे। इधर रंधावा के बदले हुए सुर के भी कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। कर्नाटक चुनाव में जीत से पहले सचिन पायलट पर तीखे तेवर दिखाने वाले रंधावा के इस बयान को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं।

मनमुटाव- गुटबाजी पड़ सकती है भारी

सूत्रों की माने तो सत्ता और संगठन की ओर से कराए गए आंतरिक सर्वे में यह बात निकलकर सामने आई है कि गुटबाजी और मनमुटाव चुनाव में भारी सकता है, लिहाजा इस पर लगाम लगाने पर फोकस किया जाए, जिसके बाद पार्टी में उच्च स्तर तय हुआ है शीर्ष नेताओं से लेकर निचले स्तर नेताओं-कार्यकर्ताओं में सुलह के प्रयास किए जाएं।

धुर-विरोधी नेताओं के भी मनमुटाव दूर करने का प्रयास

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने धुर विरोधी नेताओं के बीच मनमुटाव दूर कर सुलह कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। बीकानेर जिले में एक-दूसरे के धुर विरोधी माने जाने वाले पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी और कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल के बीच मतभेद और मनभेद को दूर करने का प्रयास किया गया। प्रदेश कांग्रेस की ओर से दोनों नेताओं की एक फोटो भी जारी की गई थी जिसमें दोनों नेता एक-दूसरे को मिठाई खिलाते नजर आ रहे हैं। भीलवाड़ा से आने वाले कैबिनेट मंत्री रामलाल जाट और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर के बीच में अदावत जगजाहिर है। दोनों नेताओं के बीच मनमुटाव दूर करने का प्रयास किया गया।

महरोली के राजस्व ग्राम छीलावाली में पेयजल संकट, ग्रामीणों ने फोड़े मटके

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

रींगस। छीलावाली मे इन दिनों भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव अशोक यादव महरौली ने बताया कि महरौली के अधीन आने वाले राजस्व ग्राम छीलावाली में पिछले 3 महीनों से पेयजल सप्लाई पूरी तरह बंद पड़ी है। ग्रामीणों ने ग्रामसेवक व सरपंच को पेयजल की समस्या से कई बार अवगत करवाया लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ, जिसके चलते मंगलवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों ग्रामीण खाली मटके लेकर नारेबाजी करते हुए पंचायत भवन पहुंचे। इस दौरान पंचायत भवन में जनप्रतिनिधि व ग्रामसेवक नदारद मिले। इस पर ग्रामीणो ने पंचायत भवन के सामने मटके फोड़कर विरोध जताया तथा धरने पर बैठ गए, थोड़ी देर बाद ग्राम सेवक नरेन्द्र सींगड व सरपंच प्रतिनिधि सुरेश झाझडिया पंचायत भवन पहुंचे तथा ग्रामीणों से समझाइश की। बहुत जल्द ट्यूबेल का कनेक्शन चालू करवाकर व टेंकरो की वैकल्पिक व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया, इस पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। इस अवसर पर उपसरपंच जितेंद्र सिंह, राजू फौजी, मुकेश, गंगा सिंह, नेकी राम, महेश, रामेश्वर, मालीराम, महावीर, प्रकाश, हरि सिंह, अमरचंद, लक्ष्मण, मोहन, सायर सैनी, सुनीता देवी, बनारसी, चौथी देवी, धन्नी देवी, माया देवी सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

NMMS परीक्षा: ग्रामीण विद्यालयों में चमकते कोहिनूर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

सरनाऊ। नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशीप परीक्षा का परिणाम जारी हुआ, जिसमें सरनाऊ पंचायत समिति के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय केरवी राजीव नगर गांव की बालिका निकिता मांजू का राजस्थान में 11वीं रैंक से चयन हो गया है, जिससे केरवी स्कूल में खुशी की लहर छा गई, विद्यालय प्रशासन को बधाई के संदेश लगातार मिल रहे हैं, इस परीक्षा में चयन से विद्यार्थी को नेशनल स्तर पर गुणवत्ता निश्चित होती है, 12000 रुपए वार्षिक स्कॉलरशीप 4 साल लगातार मिलती है इसमें चयनित विद्यार्थी को शिक्षा में संपूर्ण विकास हेतु 48000 रुपए की स्कॉलरशीप प्राप्त होती है, इसमें विद्यालय के संस्था प्रधान रघुनाथ राम बिश्नोई शारीरिक शिक्षक मालाराम बिश्नोई, कुंभाराम देवासी साक्षरता खण्ड समन्वय सरनाऊ, धन्नाराम जांगु झोटडा, सुरेंद्र यादव अलवर, अर्जुन राम, मनोहर लाल विश्नोई, मोहनलाल परमार और नरेश विश्नोई का अहम योगदान रहा।

लार्वा को नही पनपने दे, करे नष्ट -डॉ रामकेश गुर्जर

जागरूक जनता @ चित्तौडगढ। चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न चिकित्सा संस्थानो ने विश्व डेंगू दिवस आयोजित किया जावेगा। सीएमएचओ ने बताया कि डेंगू रोग से बचाव/उपचार/नियंत्रण एंव उपचार के लिये मुस्तैदी से सतर्कता रखते हुये कार्य करने की आवश्यकता है। सीएमएचओ ने बताया की प्रत्येक नागरिक को जागरूक रह कर अपने आस-पास की गंदगी को हटा साफ-सफाई रख कर डेंगू को रोका जा सकता है। मच्छरजनित बिमारीयो में डेगू, चिकिनगुनिया आदि के समान लक्षण ही पाये जाते है। डॉ रामकेश गुर्जर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में मलेरिया-डेगु नियंत्रण अभियान कर अगाज कर रहा है, डेंगु दिवस से ही फिल्ड में एन्टीलार्वल गतिविधियो का संचालन प्रारम्भ किया जा रहा है, अभियान के सॅफल क्रियान्वयन के लिये खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अभियान की मोनिटरिंग एंव सुपरविजन चिकित्सा अधिकारियो के द्वारा सुनिष्चित की जावेगी। अभियान में खण्ड आषा सुपरवाईजर, पीएचसी आषा सुपरवाईजर, महिला स्वास्थ्य दर्षिका, जीएनएम, मेल नर्स आदि की भुमिका निर्धारण किया गया है। घर-घर सर्वे एंव एन्टीलार्वल गतिविधियो को क्रियान्वयन आषा सहयोगिनी एंव एएनएम के द्वारा किया जावेगा। जिनमें घर-घर सर्वे, एन्टीलार्वल गतिविधिया -अनुपयोगी पानी से भरे पात्रो को खाली कराना, कुलर, परिन्डे, अनुपयोगी पानी से भरे टायरो, गमलो से पानी को खाली कराना, नालियो में क्रूड आयॅल (जला हुआ तेल) डालना, रोग के सम्बन्ध में स्वास्थ्य शिक्षा देना, गन्दे पानी के समुचित निकास की व्यवस्था की सलाह देना, सप्ताह में एक दिन हर रविवार मच्छरो पर वार ड्राई डे के रूप् में हेतु अनुरोध करना और तालाबो में गम्बुषिया डालना शामिल है।

सीबीएसई बोर्ड में मानव ने हासिल किए 96% से ज्यादा अंक

जागरूक जनता @ जयपुर। सेंट जेवियर स्कूल के प्रतिभावान छात्र मानव पूनिया ने सीबीएसई बोर्ड की बारहवीं कक्षा की परीक्षा में 96.4 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। मानव ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता पिता के साथ स्कूल के टीचर्स को दिया। मानव का कहना है कि उसका उसका लक्ष्य भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाना है। मानव पूनिया पढ़ाई के साथ साथ शूटिंग में भी रुचि रखते हैं। वह जिला और राज्य स्तर की कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके हैं।

कम उम्र में ही मिले इन्टरप्रेन्योर की जानकारी-विक्रम

TEDx ManSagarLake
x = independently organized TED event
EDx MANSAG

जागरूक जनता @ जयपुर। मिस्टिक ब्रेन के फाउंडर डायरेक्टर ने विक्रम शर्मा ने ग्लोबल प्लेटफॉर्म टेड- एक्स (Ted&) पर कूकस स्थित आर्य कॉलेज में मास्टरिंग द आर्ट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप (प्रारंभिक उद्यमिता की कला में महारथ हासिल करना) सरीखे विषय पर टॉक के दौरान बेबाक ढंग से अपनी बात कही। शर्मा ने कहा कि स्टूडेंट्स को सिलेबस की पढ़ाई के साथ- साथ कम उम्र में ही एन्टरप्रेन्योर के बारे में जानकारी देनी चाहिए ताकि दुनिया के अन्य बच्चों के साथ कदमताल कर सकें। वैज्ञानिक, शोधकर्ता, प्रौद्योगिकीविद्, व्यापारिक नेता, कलाकार, डिजाइनर और अन्य विश्व विशेषज्ञ मूल्यवान् नया ज्ञान और उनके क्षेत्रों में नवीन अनुसंधान को लेकर आइडियाज वर्थ स्प्रेडिंग प्रस्तुत करने के लिए टेड सरीखे मंच का उपयोग करते हैं।

15 नए जिलों में कलेक्टर की जगह ओएसडी लगाए

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान में नए जिले बनाने की घोषणा के साथ ही गहलोत सरकार ने वहां अधिकारियों की नियुक्ति करना शुरू कर दिया। सोमवार को 74 भारतीय प्रशासनिक सेवा (ह्रस) के अफसरों के तबादले हुए। सरकार ने नए घोषित 19 में से 15 जिलों में कलेक्टर की जगह विशेषाधिकारी (ओएसडी) लगाए हैं। वहीं, रिश्वत मामले में आरोपी सीनियर आईएएस ऑफिसर और यूडीएच के प्रिंसिपल सेक्रेटरी कुंजीलाल मीणा को सरकार ने इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान में लगाया है। कार्मिक विभाग से जारी आदेशों में जयपुर और जोधपुर शहर के जो दो-दो अलग-अलग जिले बने थे, उनमें ओएसडी की नियुक्तियां नहीं की गई हैं। जयपुर विकास प्राधिकरण में आयुक्त रवि जैन को भी पद से हटाकर उनकी जगह जोगाराम को जेडीसी लगाया है।

जैन के कारण अटकी थी सूची

सूत्रों के मुताबिक जेडीए के कमिश्नर रवि जैन को लेकर पिछले दिनों सरकार ने आईएएस की सूची को रोक दिया था। जैन को लेकर शहर के प्रमुख डेवलपर्स और अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री को शिकायत की थी। तब रवि जैन को हटानालगभग तय हो गया था, लेकिन एक सीनियर आईएएस ने जैन का पक्ष लेते हुए उनके बचाव का प्रयास किया, जिसके चलते सूची अटक गई थी। आखिरकार आज सरकार ने सूची जारी करते हुए रवि जैन को जेडीसी पद से हटा ही दिया।

अध्यक्ष शर्मा देंगे समाज भवन के लिए नि :शुल्क भूमि

सारस्वत ब्राह्मण समाज जिला जयपुर की परिवार परिचारिका का विमोचन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। सारस्वत ब्राह्मण समाज जिला जयपुर की ओर से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सांसद सीपी जोशी और जयपुर शहर से भाजपा सांसद रामचरण बोहरा ने परिवार परिचारिका-2023 का अमर पैलेस पर विमोचन किया। इस मौके पर सारस्वत ब्राह्मण समाज जिला जयपुर के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा ने समाज के भवन निर्माण के लिए अपनी ओर से भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराने की घोषणा की।

कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद सीपी जोशी, जयपुर शहर से सांसद रामचरण बोहरा के अलावा समाज जिला जयपुर के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा ने सम्बोधित किया। इससे पहले समाज के संरक्षक राजेश शर्मा और समाज के विभिन्न पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के प्रतिष्ठित लोग राजेश सारस्वत, कैलाश ओझा, महावीर प्रसाद सारस्वत रमेश ओझा, पत्रकार श्याम सुंदर शर्मा, पार्षद किराडू सहित कई लोगों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में महामंत्री सुरेश सारस्वत, पूर्व अध्यक्ष कमलेश सारस्वत, मंत्री धर्मेंद्र पाल ओझा कोषाध्यक्ष के एम ओझा,नील कमल शुक्ला युवा अध्यक्ष कमल शर्मा, युवा महामंत्री हेमंत सारस्वत, प्रशांत गोस्वामी, सिद्धार्थ जोशी, अजय ओझा संरक्षक, राजेंद्र शर्मा संरक्षक, अशोक ओझा उपाध्यक्ष,तेजपाल शर्मा, डॉ. महेश कुमार ओझा उपाध्यक्ष, डॉक्टर अरविंद ओझा, संतोष सारस्वत उपाध्यक्ष गणेश जोशी उपाध्यक्ष, सुनील सारस्वत संयुक्त सचिव, कुलदीप शर्मा अध्यक्ष महिला, सुनीता उपाध्याय महामंत्री सोनी ओझा प्रचार मंत्री, सुनीता ओझा संगठन मंत्री राजेश शर्मा अमर होटल संरक्षक, सुदेश शर्मा युवा उपाध्यक्ष, सुरेश उपाध्याय, दिनेश उपाध्याय,रितेश उपाध्याय, जितेंद्र शर्मा युवा मंडल उपाध्यक्ष, मोनिका मेहरू, बीना मेहरू,डॉ रश्मि शर्मा, सुरेश उपाध्याय, दिनेश उपाध्याय, रितेश उपाध्याय, जितेंद्र शर्मा युवा मंडल उपाध्यक्ष, बालमुकंद ओझा, अधिवक्ता किशनलाल सारस्वत, अधिवक्ता तपिश सारस्वत,रजत सारस्वत और अनुराग सारस्वत सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

बन्ना की ढाणी अमरापुरी स्कूल के विद्यार्थी का नेशनल स्कॉलरशिप में 5वीं रैंक से हुआ चयन



सांचौर @ जागरूक जनता। निकटवर्ती राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बन्ना की ढाणी अमरापुरी बिछावाड़ी के कक्षा 8 का विद्यार्थी अभिनव पुत्र हेमाराम बिश्नोई का चयन नेशनल मीन्स कम मेरीट स्कॉलरशिप में पूरे प्रदेश में 5 वीं रैंक से चयन होने पर राज्य स्तर पर परचम फहराया साथ ही विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया। 8 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी के लिए राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में चयन होने पर विद्यालय परिवार द्वारा विधार्थी का बहुमान किया गया। प्रधानाध्यापक गंगाराम गोदारा ने बताया कि विद्यार्थी अभिनव शुरू से ही विद्यालय का होनहार बालक रहा है। नेशनल स्कॉलरशिप में चयन होने पर प्रतिमाह चार वर्ष तक एक हजार की छात्रवृत्ति सरकार द्वारा दी जाएगी।

प्रोत्साहन कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित

लुधियाना @ जागरूक जनता। पुनीत अनुपम ग्रुप द्वारा कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ऑनलाइन 'कलाकार प्रोत्साहन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। ग्रुप संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार ने बताया कि इसमें नृत्य, गायन, संगीत, कॉमेडी, अभिनय, कुकिंग, पेंटिंग, योग, काव्य पाठ, मेकअप, कैट वॉक सहित विडियो रूप में प्रस्तुत की जा सकने वाली किसी भी कला के जानकार या कला में माहिर कलाकारों को अपनी कला विडियो रूप में प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर दिया गया। कार्यक्रम में पीताम्बरी मेहरा (चंपावत, उत्तराखंड) और रंजीता अवस्थी (शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश) द्वारा प्रदर्शित की गई कला प्रतिभा ने ग्रुप का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। कार्यक्रम में शख्सियतों को ऑनलाइन 'पुनीत कला अलंकार' सम्मान देकर सम्मानित किया गया।

एडवोकेट ढाका यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

भीनमाल @ जागरूक जनता। प्रदेश में कुछ समय पहले ऑनलाइन मतदान से सम्पन्न हुए यूथ कांग्रेस चुनावों का परिणाम जारी किया गया जिसमें एडवोकेट श्रवण ढाका पूनासा जालोर के जिला उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। एडवोकेट ढाका पूर्व में छात्र राजनीति से लेकर वर्तमान समय तक पार्टी में सक्रिय भूमिका रहे वहीं पूर्व में भीनमाल एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष, जिला महासचिव एवं प्रदेश सचिव रह चुके हैं वर्तमान में बिश्नोई युवा संगठन जालोर के जिला अध्यक्ष भी है साथ ही भीनमाल बार एसोसिएशन में पुस्तकालय अध्यक्ष भी है नव निर्वाचित जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट ढाका ने जीत का जीत का श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं एवं अपनी टीम को समर्पित किया एडवोकेट श्रवण ढाका ने बताया कि संगठन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी जल्दी ही विधानसभावार बैठकों का आयोजन किया जाकर पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए धरातल पर कार्य किए जाएंगे।

बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड को कॉर्पोरेट एक्सीलेंस के लिए मिला सम्मान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एमपी बिरला समूह की प्रमुख कंपनी को सीआईआई द्वारा स्थापित 2022 के लिए 17वें सीआईआई- आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड्स में कॉर्पोरेट एक्सीलेंस में महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ है। कंपनी प्रबंधन को यह अवॉर्ड नई दिल्ली में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दिया। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एंव सीईओ संदीप घोष ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि "इस पुरस्कार ने सतत व्यवसाय में एक्सीलेंस की दिशा में कंपनी के व्यापक दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया है। हमारे ग्रह पृथ्वी के दीर्घकालिक अस्तित्व के लिए मजबूत सस्टेनेबल मानकों का निर्माण आवश्यक है। इसलिए, इंडस्ट्री ने सभी संभावित सस्टेनेबल आयामों को कॉर्पोरेट स्ट्रेटजी और बिजनेस प्रोसेस और प्रेक्टिसिज में गहराई से शामिल किया गया है। यूनिट हेड, चंदेरिया सीमेंट वर्क्स देवेश कुमार मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट अफेयर्स देवाशीष चौधरी ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। जूरी के सदस्यों ने उत्सर्जन, सीएसआर, सुरक्षा, एएफआर उपयोग, ऊर्जा और जल संरक्षण और जैव विविधता विकास के क्षेत्रों में कंपनी के निरंतर प्रयासों का उल्लेख किया।

औरों के लिए जीना ही जिंदगानी है-प्रशान्त

NARAYAN SEVA SANSTHAN
अपनों से अपनी बात

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

उदयपुर। नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने देशभर से इलाज के लिए उदयपुर आए मरीजों और उनके परिजनों से 'अपनों से अपनी बात' कार्यक्रम में वार्तालाप करते हुए कहां 'केवल अपने लिए जीना तो एक आम कहानी है। औरों के लिए जीना ही जिंदगानी है।' अपने लिए हर कोई जीता है, औरों के लिए जीना मनुष्य जीवन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए । इससे समाज सुखी होगा। लोगों के बीच भाईचारा बढ़ेगा। स्वार्थ से ऊपर उठकर जीना ही मानव धर्म है। जो हमें भीड़ से अलग करता है। नारायण सेवा संस्थान से निःशुल्क चिकित्सा लेकर जाने वाले बन्धु -बहिने दूसरों की मदद का संकल्प लेकर जाएं। ताकि मनुष्यता का धर्म मजबूत हो। संस्थान दीन -दुःखी और दिव्यांगों की सेवा बिना किसी भेदभाव से सदैव करता रहेगा।

300 मीटर ऊंचे पहाड़ पर वीर हनुमान मंदिर के पास जल्द लगेगा वायरलैस सिस्टम

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चौमू। सामोद ग्राम पंचायत नांगल भरड़ा के सामोद पर्वत पर श्रद्धालुओं व आमजन को राहत देने की मंशा को लेकर पुलिस प्रशासन हजारों फिट ऊंचे पहाड़ पर जल्द वायरलैस सिस्टम लगाने की तैयारी कर रहा है। इससे आमजन को कई समस्याओं से राहत मिलेगी। जानकारी के अनुसार सामोद वीर हनुमान मंदिर पहाड़ पर नेटवर्क की समस्या के चलते पुलिस प्रशासन को कई बार जरूरी सूचनाएं समय पर नहीं मिल रही थी।

उक्त समस्या के स्थाई समाधान व आमजन की आपत्ति व विपदा में हर संभव सहायता समय पर मिले, इसी मंशा को लेकर पुलिस व वायरलैस प्रशासन जल्द ही मंदिर के पहाड़ी पर वायर लैस सिस्टम लगाया जाएगा। इसी तैयारी को लेकर मंदिर परिसर में जगह चिन्हित करके सूचना विभाग को भेजी गई है। जानकारी के अनुसार वायर लैस लगाने के लिए पुलिस महकमा इसकी तैयारी में जुट गया है। जल्द ही वायर लैस के नम्बर आदि की सूचना अपडेट की जाएगी। मंदिर में यह सिस्टम चालू होने के बाद मंदिर प्रशासन, श्रद्धालुओं की शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई हो सकेगी। इससे हजारों श्रद्धालुओं को फायदा मिल सकेगा।

हिंदू जागरण मंच जयपुर प्रांत ने महिला शक्ति को दिखाई 'द केरला स्टोरी'

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। हिन्दू जागरण मंच जयपुर प्रांत प्रचार प्रमुख आयुष कुमार शर्मा ने बताया की हिंदू जागरण मंच द्वारा जयपुर प्रांत में सिनेमा हॉल में विद्याधर जिला, गालव जिला, मालवीय जिला, सांगनेर महानगर द्वारा अभी तक 6000 से अधिक महिलाओ को निशुल्क एवम् कुछ जगह न्यूनतम शुल्क पर फ़िल्म 'द केरला स्टोरी' की दिखाए जा चुकी है और आगे भी दिखाई जाएगी। विद्याधर नगर जिला संयोजक मुरारी शर्मा, गालव जिला संयोजक राजकुमार शर्मा और सांगानेर महानगर नरेश ने बताया कि हम निरंतर 7 दिन तक यह फ़िल्म निशुल्क महिलाओं को दिखाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के राजस्थान क्षेत्र संघटक मुरली मनोहर, जयपुर प्रांत पर्यावरण प्रमुख अशोक कुमार शर्मा, हिंदू जागरण मंच जयपुर प्रांत प्रचार विभाग आयुष कुमार शर्मा, समाजसेवी नगेन्द्र वशिष्ठ, मोहन लाल नामदेव, लोकचंद हरिरामानी भाग प्रचारक भगत, चेयरमैन मिनाक्षी शर्मा, गालव जिला संयोजक राजकुमार शर्मा, राजेश, शुभम, मनोज, भाकर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। इस अवसर पर मुरली मनोहर ने नारी शक्ति से अपनी संस्कृति पर गर्व उसे अक्षुन्न पालन करने के साथ ही बच्चों को अपने देवी देवताओं के बारे जानकारी देने का आह्वान किया ताकि बच्चे किसी के बहकावे में नहीं आएं।

आईआईआईएम में हुआ पुस्तक वेल प्लेड- फ्रोम हियर टू एटरनिटी पर टॉक शो

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। मानसरोवर स्थित आईआईआईएम की ओर से इसी इंस्टीटूयूट सभागार में पुस्तक वेल प्लेड- फ्रोम हियर टू एटरनिटी पर टॉक शो हुआ। इसमें लेखक जयपुर के जाने-माने कार्डियोलॉजिस्ट और एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और कंट्रोलर डॉ. राजीव बगरहट्टा हिस्सा लिया। टॉक शो को मॉडरेट इंग्लिश टीचर सौमित्र आजाद ने किया। कार्यक्रम के शुरू में राजीव बगरहट्टा ने आईआईएस यूनिवर्सिटी (डीम्ड टू बी) के चांसलर डॉ. अशोक गुप्ता की दूरदर्शी विचारधारा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यही विचारधारा यहां मौजूद स्टूडेंट्स के व्यक्तित्व और उनके सर्वांगीण विकास में रचनात्मक मददगार साबित हो रही है। इससे पहले आईआईआईएम की प्रिंसिपल डॉ.मंजू नायर ने बताया कि इस तरह के टॉक शो स्टूडेंट्स के लिए काफी प्रेरणादायी और नॉलेजेबल होते हैं,ख्जो समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं। टॉक शो के दौरान राजीव बगरहट्टा ने इस बुक में अपने पिता जगदीश प्रसाद बगरहट्टा की अपरंपरागत यात्रा के बारे में बताया है, जिसमें उन्होंने उनके संघर्ष, कम्पेशन और पैशन के बारे में लिखा है। इस पुस्तक में एक ही संदेश है कि आप भी यह कर सकते हैं।डॉ. बगरहट्टा ने बताया कि यह पुस्तक एक मानवीय कहानी से सराबोर है, जिसका मकसद आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करना है। यह पुस्तक लिखने की यात्रा और चुनौतियों के बारे में डॉ. बगरहट्टा ने कहा कि मेरे पिता की जिंदगी बहुत असामान्य थी, जिसे मैं लोगों को बताना चाहता था। यह पुस्तक लिखने के लिए मैंने करीब 200 लोगों का इंटरव्यू किए। उनके जन्म स्थान अलवर गया। उनकी पसंदीदा फिल्में देखी। उनके जीवन के अहम किस्सों को समझा। इन बिंदुओं को जोड़कर मैंने उनकी जीवन की कहानी को लिखा है। इन बिंदुओं को जोड़ना और उन तथ्यों को एक साथ जोड़कर एक पुस्तक

जागरूक खबरें

अग्रवाल समाज चौरासी के तत्वाधान में होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

जागरूक जनता @ केकड़ी। अग्रवाल समाज चौरासी के तत्वाधान में जैन अग्रवाल समाज केकड़ी द्वारा 11 जून को आयोजित जैन अग्रवाल समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन के कार्यालय का उद्घाटन सुधा सागर स्कूल के सामने सापुण्दा रोड स्थित नासिरदा वालों की दुकान में किया गया। सम्मलेन के अध्यक्ष मुकेश जैन मेडिकल ने बताया कि समाज के अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन रामथला, अमर चंद चोरुका, टीकम चंद जैन नासिरदा,भाग चंद जैन धुंधरी, अनिल मित्तल, कमलेश जैन, अशोक रांटा, के सी जैन व टीकम चंद जैन पी टी ने भगवान महावीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यालय का शुभारंभ किया। महामंत्री रितेश जैन ने बताया कि कार्यालय प्रतिदिन खुलेगा। विवाह सम्मेलन में 25 जोड़ों का लक्ष्य पुर्ण हो चुका है । सम्मलेन के एक दिन पहले 10 जून को रात्रि 8 बजे महिला परिषद, अग्रवाल समाज चौरासी द्वारा भव्य महिला संगीत के कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष इन्दु मित्तल व चन्द्रकला जैन के निर्देशन में किया जाएगा। मंत्री आशुतोष सिंघल व विनोद कुमार जैन ने बताया कि सम्मलेन में ड्रोन पुष्प वर्षा, म्यूजिकल फेरे,जुलूस इत्यादि भव्य कार्यर म आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम में दिलीप जैन,ज्ञान चंद जैन ज्वेलर्स, विनय भगत, ज्ञान चंद रामथला,शम्भू जैन, शीतल जैन,पारस जैन बाजटा,कमल भाल,ओम प्रकाश जैन मालेडा इत्यादि माजूद रहे ।

8 विद्यार्थियों का एक साथ स्कॉलरशिप के लिए चयन

जागरूक जनता @ सांचौर। स्थानीय विद्यालय हरियाली सांचौर के विद्यार्थियों न नेशनल मीन्स कम मैरिट स्कॉलरशिप में राज्य स्तर पर परचम फहरया है। 8वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में एक साथ 8 विद्यार्थियों का छात्रवृत्तियों हेतु चयन हुआ है। जिसमें से 3 छात्र राज्य मैरिट में टॉप 10 में आये हैं। एक विद्यालय से 8 छात्रों का चयन होने पर विद्यालय परिवार एवं गांव में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य राजू खिलेरी ने बताया कि इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को प्रतिमाह चार वर्ष तक 1000 हजार रुपए की छात्रवृत्ति सरकार द्वारा देय है।

सुरेन्द्र दुबे स्मृति में काव्य महोत्सव 4 जून को

जागरूक जनता @ केकड़ी। विश्वविख्यात हास्य कवि एवं संवेनदनशील गीतकार स्व. सुरेन्द्र दुबे की पांचवी पुण्य तिथि पर 1 जनवरी को होने वाले सम्मान समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन इस वर्ष 4 जून को किया जाएगा। सुरेन्द्र दुबे स्मृति संस्थान के पदाधिकारियों की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि गुलगांव जैसे छोटे से गांव में पैदा हो कर पूरी दुनिया में अजमेर जिले का मान बढ़ाने वाले अप्रितम कवि, गीतकार एवं साहित्यकार स्व. दुबे की स्मृति में इस वर्ष भी सार्वजनिक स्तर पर भव्य आयोजन किया जाएगा। बैठक में संस्थान के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश दुबे, सचिव डॉ. अविनाश दुबे, प्रमुख मानद सदस्य केन्द्रीय साहित्य अकादमी से पुरस्कृत ख्याति प्राप्त साहित्यकार कवि कैलाश मण्डेला-शाहपुरा, अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवयित्रि डॉ. कीर्ति काले- नई दिल्ली, सुरेन्द्र जोशी- केकड़ी सहित रणवीर सिंह सोढ़ी, ब्रहमानन्द शर्मा, सत्यनारायण सोनी एस.एन. न्याति कैलाश खण्डेलवाल, केदार शर्मा, अभिषेक सिंह, विजय मूलचन्दानी व अन्य गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया।

प्रमोद युवा कांग्रेस के सिरोही जिला उपाध्यक्ष निर्वाचित

जागरूक जनता @ सिरोही। देर रात आये राजस्थान युवा कांग्रेस के चुनाव परिणाम में युवा कांग्रेस के युवा नेता प्रमोद प्रजापत युवा कांग्रेस सिरोही के जिला उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए जिसको लेकर सिरोही जिले के सभी युवाओ में खुशी की लहर है। युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रमोद प्रजापत ने बताया कि युवाओ को जोश के साथ सहयोग और समर्थन करेंगे व सभी युवाओ के हित मे कदम उठाएंगे साथ ही उन्हें ये जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने युवा कांग्रेस के सभी राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओ का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

प्रदेश का ऐसा पहला सरकारी मेडिकल कॉलेज, जहां नर्सिंग कॉलेज का संचालन साथ में नहीं होगा, 10 लिफ्ट वाली जिले की यह पहली बिल्डिंग

मेडिकल कॉलेज का पहला बैच जुलाई से, 100 स्टूडेंट को प्रवेश

प्रथम वर्ष में थ्यौरी की पढ़ाई, सिर्फ वैक्सीनेशन करवा सकते हैं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

दौसा। शहर से करीब 8 किमी दूर मित्रपुरा गांव में बन रहे राजकीय मेडिकल कॉलेज में पहला बैच जुलाई से शुरू करने की तैयारी है। एकेडमिक ब्लॉक यानी स्टूडेंट्स की जहां क्लास चलेगी, उसकी 4 मंजिला बिल्डिंग लगभग पूरी तैयार हो गई है, फिनिशिंग जारी है। यहां नीट से चयनित 100 स्टूडेंट्स को एडमिशन मिलेगा। हालांकि, 225-225 गर्ल्स-बॉयज के हॉस्टल के हिसाब से देखें तो आगे सीट संख्या में बढ़ोतरी भी संभव हैं। पढ़ाई के तीसरे साल यानी 2025 में ये रेजिडेंट्स चिकित्सक बतौर जिला चिकित्सालय, शहरी व ग्रामीण पीएचसी दौसा में मरीजों के उपचार में मदद करेंगे। हालांकि, प्रथम वर्ष थ्योरिकल अध्ययन के दौरान पीएसएम वैक्सिनेशन का कार्य कर सकते हैं। दरअसल, कॉलेज में स्टूडेंट्स के लिए 8 मंजिला हॉस्टल भी बन रहा है। लड़के व लड़कियों के लिए अलग-अलग हॉस्टल का काम चल रहा है, जहां प्रत्येक हॉस्टल में 225-225 स्टूडेंट्स रह सकेंगे। इसी प्रकार 2 फ्लोर की मैस बन रही है, उसका 85 फीसदी काम पूरा हो चुका है। टीचिंग, नॉन टीचिंग तथा टाइप फोर (सहायक कर्मचारी) क्वार्टर का काम भी अंतिम चरण में है। पहले बैच में 100 स्टूडेंट्स को एडमिशन मिलेगा। खास यह है कि प्रदेश का संभवतः दौसा का सरकारी मेडिकल कॉलेज पहला है, जहां नर्सिंग कॉलेज का संचालन नहीं है। गौरतलब है कि दौसा में स्वीकृत नर्सिंग कॉलेज को चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीना अपने विस क्षेत्र लालसोट में ले गए। मेडिकल कॉलेज भांडारेज मोड़ के पास करीब 56 बीघा कैम्पस में भवन व अन्य निर्माण कार्य चल रहा है। 325 करोड़ रुपए की लागत वाले मेडिकल कॉलेज की 30 सितम्बर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल नींव रखी थी। करीब डेढ़ साल में 85-90 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। बाकी काम अगस्त तक पूरा होने की उम्मीद है। बहरहाल, मेडिकल कॉलेज का सबसे अहम ब्लॉक एकेडमिक है, जहां स्टूडेंट्स की क्लास चलेंगी। वहां क्लास रूम के साथ स्टूडेंट्स के लिए स्टडी रूम, लाइब्रेरी आदि का निर्माण पूरा हो चुका है। एकेडमिक ब्लॉक में 5 लिफ्ट लगाई जाएगी, जिसका काम भी शुरू हो चुका है।

नीट में सफल अभ्यर्थियों को मिलेगा एडमिशन

मेडिकल कॉलेज में नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) परीक्षा के आधार पर स्टूडेंट्स को एडमिशन मिलेगा। ऐसे में मैरिट में टॉप पर हैं तो दौसा के स्टूडेंट्स को भी स्थानीय मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिल सकता है। पहले बैच में 100 स्टूडेंट्स को एडमिशनल मिलेगा। नीट परीक्षा 3 दिन पहले 7 मई को हुई है। संभवत इसी माह नीट का रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा। उसके बाद मैरिट के आधार पर सफल स्टूडेंट्स को मेडिकल कॉलेज आबंटित किए जाएंगे। इसमें सबसे पहले मैरिट में टॉप स्टूडेंट्स को टॉप के मेडिकल कॉलेज आबंटित किए जाएंगे।

कोटा में एक साथ 6 हजार महिलाएं करेंगी घूमर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

कोटा। कोटा में 23 जून को एक साथ 6 हजार से ज्यादा महिलाएं घूमर डांस एक साथ करेंगी। यह राजस्थानी कला-संस्कृति के प्रोत्साहन के उद्देश्य से घूमर डांस फेस्टिवल में होगा। फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन नागरिक सहकारी बैंक चेयरमैन राजेश बिरला, नीरज त्रिवेदी कमल व कई संस्थाओं के पदाधिकारियों ने किया। नक्षत्र ग्रुप की डायरेक्टर नीलम विजय ने बताया कि नासिक फेस्टिवल में 5003 महिलाओं का एक साथ घूमर डांस करने का रिकॉर्ड है जिसे तोडना है। इस उत्सव में सात गानों पर 45 मिनट महिलाएं डांस करेंगी।

टॉप 50 महिलाओं में से मिस एंड मिसेज कोटा के चयन सहित 10 टाइटल प्रदान किए जाएंगे। इसमें विशेषकर प्रतिभागी महिलाओं एवं छात्राओं को प्रतिभा प्रदर्शन का मौका और मंच मिलेगा। फेस्टिवल में 8 साल से 80 साल तक की महिलाएं रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं। इसके लिए ट्रेंड कोरियोग्राफर 7 दिनों तक डांस की ट्रेनिंग देंगे।

नारायण सेवा संस्थान...

पीड़ितजन की सेवा ईश्वर की साधना-आचार्य वर्धमान सागर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

उदयपुर। जीवन का मूल उदार दृष्टिकोण, आत्मीयता, वसुधैव कुटुंबकम और अहिंसा परमो धर्म ही है, जिसका अनुसरण कर व्यक्ति स्वस्थ सुसंस्कृत एवं सहिष्णु समाज की रचना में योगदान दे सकता है। यह बात दिगम्बर जैन आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने नारायण सेवा संस्थान में विकलांगता सुधार सर्जरी के लिए देश के विभिन्न राज्यों से आए दिव्यांगजन को आशीर्वचन में कही। उन्होंने कहा कि दुखी, बेसहारा और पीड़ित जन की सेवा ईश्वर की साधना-आराधना का ही मार्ग है। इस दिशा में संस्थान ईश्वरीय कार्य कर रही है, जिसकी झलक देश-विदेश में प्रायः नजर आती है। उन्होंने कर्म बंध से मुक्ति का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्वार्जित कर्मों की निर्जरा से ही मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होगा। आरंभ में संस्थान-संस्थापक पद्मश्री कैलाश मानव ने आचार्यश्री सहित ससंघ की अगवानी करते हुए संस्थान की 38 वर्षीय सेवा यात्रा का साहित्य श्रीफल के साथ भेंट किया। संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने आचार्यश्री का पाद-प्रक्षालन व ससंघ का अभिनंदन करते हुए कहा कि व्यक्ति के जीवन को सफल व सार्थक बनाने का मंत्र लेकर अहर्निशं विहार करने वाले आचार्यश्री के पग फेरे से संस्थान और दिव्यांगजन धन्य हो गए। आचार्यश्री ने दिव्यांग जनों के साथ बातचीत की और उनके लिए स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षणों का भी अवलोकन कर इसे पीड़ित मानवता के कल्याण का आवश्यक और अद्भुत कार्य बताया। इस दौरान ट्रस्ट्री निदेशक देवेन्द्र चौबीसा, विष्णु शर्मा हितैषी, भगवान प्रसाद गौड़, महिम जैन व जैन समाज के प्रमुख झमकलाल अखावत, सुन्दर लाल लुणदिया, रविश कावड़िया भी उपस्थित थे।

न्युवोको विस्टास ने तिमाही में 201.06 करोड़ का मिला लाभ

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की एक अग्रणी निर्माण सामग्री कंपनी, ने 31 मार्च, को समाप्त तिमाही 201.06 करोड़ रुपये का कर उपरांत लाभ दर्ज किया है। कंपनी ने अपने घोषित वित्तीय परिणामों में बताया कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 29.11 करोड़ रुपये का पीएटी दर्ज किया था। कंपनी की आखिरी तिमाही में नेट कंसोलिडेटेड आय 2,930.96 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में दर्ज 2,940.26 करोड़ रुपये से 0.32% कम थी। 31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए परिचालन से कंसोलिडेटेड राजस्व वर्ष दर वर्ष 14% बढ़कर 10,586 रुपये हो गया। कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री की मात्रा वित्त वर्ष 23 में वर्ष दर वर्ष आधार पर 5 प्रतिशत बढ़कर 18.8 मिलियन टन हो गई। कंपनी ने बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के साथ ही उत्पादन क्षमता का भी विस्तार किया है। न्युवोको विस्टास कार्पोरेशन लिमिटेड प्रबंध निदेशक जयकुमार कृष्णस्वामी ने तिमाही के परिणामों की घोषणा करते हुए कहा कि "व्यापक आर्थिक संकेतक इस क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदर्शित करते हैं क्योंकि मार्च-23 में भारत में वार्षिक उपभोक्ता मुद्रास्फीति 5.7% तक कम हो गई और ईंधन कीमतें अपने हाल के उच्च स्तर से कम हुई हैं। सरकार के पूंजीगत व्यय पर जोर, विनिर्माण में बेहतर क्षमता उपयोग, दोहरे अंकों में क्रेडिट ग्रोथ और कमोडिटी की काफी हद तक उचित कीमतों के चलते अर्थव्यवस्था में विनिर्माण और निवेश गतिविधि बढ़ने की उम्मीद है। बुनियादी ढांचे और ग्रामीण आवास के विकास पर सरकार के निरंतर ध्यान के साथ, वित्त वर्ष 2023-24 में सीमेंट की मांग मजबूत रहने की उम्मीद है उन्होंने आगे कहा कि "हमने वित्त वर्ष 2023 में ट्रेड वॉल्यूम्स पर प्रीमियम उत्पादों के लिए अपनी बाजार हिस्सेदारी 36% तक बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है और यह हमारे लिए एक प्रमुख जोर क्षेत्र बना रहेगा।

सीआईआई-आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवार्ड 2022 में हिंदुस्तान जिंक का डबल स्वीप

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। जिंक-लेड-सिल्वर उत्पादन में वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक को प्रतिष्ठित सीआईआई-आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवार्ड 2022 में दो इकाईयों को सम्मान प्रदान किया गया। चंदेरिया लेड-जिंक स्मेल्टर को कॉर्पोरेट उत्कृष्टता में उत्कृष्ट उपलब्धि और जिंक स्मेल्टर देबरी ने पर्यावरण प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार मुख्य अतिथि नितिन गडकरी, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार ने प्रदान किये। इस उपलब्धि पर हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि, हम इस सम्मान को पाकर गौरवान्वित और प्रसन्न हैं। हिंदुस्तान जिंक को कॉर्पोरेट उत्कृष्टता और पर्यावरण प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया है। इसके अलावा, हम अपनी सस्टेनेबल हेतु किये जा रहे प्रयासों को निरंतर जारी रखेंगे। अत्याधुनिक तकनीक, परिचालन दक्षता और उत्सर्जन में कमी में हमारा निवेश 2050 तक नेट जीरो कार्बन बनने के हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सीआईआई-आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स का उद्देश्य उन कंपनियों में उत्कृष्टता को पहचानना और पुरस्कृत करना है जो अपने संचालन में स्थिरता और समावेशिता बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही हैं। यह पुरस्कार हिंदुस्तान जिंक के सस्टेनेबिलिटी को एक प्रमुख व्यावसायिक मूल्य के रूप में एकीकृत करने के निरंतर प्रयासों और अधिक सतत् और समावेशी भविष्य को आकार देने की प्रतिबद्धता को मान्यता है। हाल ही में, हिंदुस्तान जिंक ने धातु और खनन क्षेत्र में शीर्ष 5 प्रतिशत ईएसजी स्कोर में स्थान प्राप्त कर 6वीं बार प्रतिष्ठित एस एण्ड पी ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी ईयरबुक में स्थान अर्जित किया है। धातु और खनन क्षेत्र के तहत एसएण्डपी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट में कंपनी के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप उन्हें विश्व स्तर पर तीसरा और एशिया प्रशांत क्षेत्र में पहला स्थान मिला है। पर्यावरण, सामाजिक और शासन के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को सीएपी 2.0,सीडीपी, एसएण्डपी ग्लोबल प्लैट्स अवार्ड्स, सीआईआई नेशनल 5 एस एक्सीलेंस अवार्ड, भामाशाह अवार्ड और कई अन्य द्वारा सम्मानित किया गया है।

श्याम भक्तों के लिए सीसी मार्ग राह करेगा आसान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

सीकर। सीकर जिले के खाटू श्याम मंदिर में आने वाले यात्रियों की राह आसान होने वाली है। दरअसल जिला प्रशासन द्वारा रींगस से खाटू पैदल मार्ग पर पहले फेज में 4 किलोमीटर का पदयात्रा सीसी मार्ग बनाया जा रहा है। जिसका करीब 1 से डेढ़ महीने में काम पूरा हो जाएगा।पीडब्ल्यूडी विभाग की सहायक अभियंता अल्का सिंह ने बताया कि वर्तमान में खाटू में तोरण द्वार से संतोषपुरा तक निर्माण के टेंडर किए गए हैं। 5 करोड़ की लागत से इसका काम हो रहा है जो करीब 1 से डेढ़ महीने में पूरा हो जाएगा। पैदल सीसी मार्ग की चौड़ाई करीब 5 मीटर है।

गौरतलब है कि सीकर जिले के खाटू श्याम मंदिर में हर साल लाखों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। केवल फाल्गुनी मेले के दौरान ही यहां करीब 30 से 40 लाख श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। गत वर्ष 8 अगस्त की सुबह भगदड़ में हुई तीन महिलाओं की मौत के बाद लगातार जिला प्रशासन और मंदिर कमेटी भक्तों की सुविधाओं के विस्तार में काम कर रही है।

राजस्थान कलारिप्पयट्टू एसोसिएशन के अनिरूद्ध दुबे बने जिला अध्यक्ष

जागरूक जनता @ केकड़ी। राजस्थान कलारिप्पयट्ट एसोसिएशन (आरकेए) द्वारा अनिरूद्ध दुबे को अजमेर जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मिश्रीलाल दुबे मेमोरियल संस्थान केकड़ी के सचिव चन्द्रप्रकाश दुबे, ब्रह्मानन्द शर्मा प्रधानाचार्य मिश्रीलाल दुबै उच्च मा.वि.केकडी द्वारा माल्यार्पण एवं तिलक कर शुभकामनाएँ प्रेषित की गई। कलारिप्पयट्ट खेल के नियमों एवं विनियमों का पालन करने एवं खेल को पूरे जिले में बढ़ावा देने का पूरा प्रयास करेंगें तथा कार्यकारिणी बनाई जाएगी जिससे अधिक से अधिक खिलाड़ी तैयार हो सके जिला अध्यक्ष दुबे ने बताया की राजस्थान राज्य में राज्य सरकार द्वारा नौकरी में उत्कृष्ट खिलाड़ी को 2% क्षेतिज आरक्षण प्राप्त है और यह खेल कलारिपयट्ट भारत खेल प्राधिकरण युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है।

ANCHOR जागरूक जनता एक्सलूसिव स्टोरी

14 वर्ष, 25 देशी-विदेशी भाषा का ज्ञान

सिरोही की दिशा ने संगीत की दुनिया मे देवनगरी का बढ़ाया गौरव, दिशाहीन बच्चों के लिए दिशा है "दिशा माली"

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

सिरोही। कहते है मन मे कुछ करने की इच्छा शक्ति होतो कोई कार्य नामुमकिन नहीं। बेशर्त उस कार्य को बड़ी शिद्दत से और पूर्ण तन्मयता से किया जाये। आज हम आपको एक ऐसी शख्सियत से रूबरू करवाने जा रहें, जिसमें एक ऐसा हुनर है जिसको देख आप भी दंग रह जाएंगे। इतनी कम आयु में यह कैसे सम्भव कर दिखाया..? जी हा पर इसको सच कर दिखाया है सिरोही की बाला दिशा माली ने जिन्होंने ने अल्पआयु में ही पच्चीस भाषाओ में संगीत गायन करके ज़िले के साथ साथ देश व प्रदेश में अलग ही कीर्तिमान स्थापित किया है। सबसे हैरत कि बात तो यह है कि न परिवार में किसी का संगीत से वास्ता रहा न ही इतने संसाधन है दिशा के पास फिर भी क्या गजब की लय तार व संगीत को मूर्त रूप देने की कला है इस बाला में जिसका यह कोई कायल है।

कौन है दिशा माली जानिये यह

आइये आज आपको सिरोही जिला मुख्यालय पर स्थापित महात्मा गांधी स्कूल की एक नन्हीं बालिका दिशा माली"आफरीन" से रूबरू करवाते है। दिशा माली इस सरकारी विद्यालय में संचालित "The Singing Birds Choir" नामक गायन दल की लीडर है। दो वर्ष पूर्व इस बालिका का संगीत से दूर- दूर तक का कोई वास्ता नहीं था पर आज ये बालिका पच्चीस से अधिक देशी और विदेशी भाषाओं में बखूबी गा सकने का हुनर रखती है। सिरोही शहर के एक सामान्य परिवार में जन्मी दिशा माली के पिता एक टैक्सी चालक है वहीं माँ गृहणी है। तीन भाई बहिनों में दिशा सबसे बड़ी है जिसकी उम्र 14 वर्ष है। इसके एक छोटी बहिन और एक छोटा भाई भी है। दिशा पढ़ाई में सामान्य ही है और स्वभाव से शर्मीली और सीधी सादी है। दो वर्ष पूर्व संगीत कक्षा से जुड़कर दिशा ने जो उपलब्धि हासिल की है वो उल्लेखनीय व अनुकरणीय है।

इन पच्चीस देशी विदेशी भाषाओं में गाने का रखती है हुनर

दिशा माली इस नन्हीं उम्र में पच्चीस भाषाओं में गा सकती है। जिनमें जापानी, अफ्रीकी, सिंहली, नेपाली, स्वाहिली, बांग्ला, अंग्रेजी जैसी विदेशी भाषाओं और मलयालम, तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मराठी, गुजराती, संस्कृत, मैथिलि, भोजपुरी, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी, हिन्दी सहित पच्चीस से अधिक भाषाओं में स्पष्ट व शुद्धतम उच्चारण के साथ ये बालिका गा सकती है। सरकार से आग्रह रहेगा कि ऐसी विलक्षण प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करे वहीं अभिभावकों को भी ये समझना होगा कि कोई बालक सामान्य नहीं होता है। हर बालक में कोई न कोई छुपी हुई कला होती ही है। जिसे जानने, पहचानने और निखारने की जरूरत होती है। दिशा उसका एक उदाहरण है। सामान्य परिवार की बेटी, सरकारी स्कूल की सामान्य छात्रा जो पच्चीस से अधिक भाषाओं में गाने गा सकती है ये बात किसी आश्चर्य से कम नहीं है। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सिरोही की कक्षा दसवीं की ये छात्रा आज के दिशाहीन बालकों के लिए एक नई दिशा है।

चौकिए मत यह सच है

शीर्षक देखकर चौंक गये न..? पर ये सत्य है। आज की शिक्षा पद्धति रोजगार उन्मुख न होकर एक ऐसी शिक्षा पद्धति है जिसमें पढ़ने वाले बच्चे को ये पता नहीं होता है कि वह किस दिशा में आगे बढ़ रहा है और न उसे ये ज्ञात होता है कि उसे जो पढ़ाया जा रहा है वह ज्ञान उसके जीवन में कहाँ काम आएगा? तात्पर्य यह है कि स्कूली ज्ञान के अतिरिक्त भी बहुत कुछ है इस दुनियां में जिसे सीखना चाहिए। श्रीनिवासन रामानुजन इयंगर एक महान भारतीय गणितज्ञ जिन्हें गणित विषय में कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं मिला फिर भी वे गणित के अमिट हस्ताक्षर बने।

हिंद जिंक विद्यालय का उत्कृष्ठ रहा सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं के घोषित परिणामों में हिंद जिंक स्कूल का परिणाम उत्कृष्ठ रहा। विज्ञान संकाय में 18 विद्यार्थियों में से 18 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। अभिनव बांगड़ ने 93.8 प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। हर्षिता शक्तावत 93.2 व अनिता जाट 86.2% के साथ द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे । वाणिज्य संकाय में 26 विद्यार्थियों में से 25 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। प्रशस्ति व्यास ने 98% के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर रही हितांशी सेठिया 93.4% और प्रत्युश भण्डारी ने 93प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रशस्ति व्यास ने अर्थशास्त्र में 100 में से 100 और प्रत्युश भण्डारी ने बिजनेस स्टडी में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्राचार्या बिंदु नायर व उप प्राचार्य एम . आर .वी. झा ने हर्शित भाव से विद्यार्थियों व अभिभावको को बधाई प्रेषित की।

उधर, दसवीं के परिणामों में 77 विद्यार्थियों में से 68 विद्यार्थियो ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। मोहम्मद फहजान रज़ा ने 94.8 प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। प्रांजल राव 94.6 व कृष चौधरी 94.2% के साथ द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी में तीन विद्यार्थियों कृष चौधरी, भरत धाकड़ और सौम्या सिंह चंदेल ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

मानव सेवा ही हमारा सच्चा धर्म-जेडी चारण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

पिंडवाड़ा। जिले भर में उमंग व उत्साह के बीच चिकित्साकर्मियों ने नर्सेज़ दिवस मनाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिलदर पर भी राजस्थान नर्सेज यूनियन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जीवत दान चारण के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में कोरेना के समय दिवंगत हुए चिकित्साकर्मियों को दो मिनिट का मौन रख कर श्रधांजलि दी गई व नाइटेंगल फ्लोरेंस को पुष्पांजलि अर्पित की गई आज ही के दिन 12 मई 1820 को नाइटेंगल फ्लोरेंस का जन्म हुआ था 13 अगस्त 1910 को मृत्यु, 12 मई को पूरे विश्व मे इनके जन्मदिन को सभी नर्सेज, नर्सेज दिवस के रूप में मनाते है कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष चारण ने कहा कि नर्सिंग को केरियर के रूप में पहसान दिलाने का कार्य नाइटेंगल फ्लोरेंस ने ही किया था उस समय बहोत कम लोग इस प्रोफेशनल में जाते थे व महिला तो ना के बराबर ही इस प्रोफेशन में जाती थी लेकिन उस महान सख्शियत ने नर्सिंग का रूप ही बदल दिया। अब सबसे ज्यादा भागीदारी नर्सिंग में महिलाओं की ही है सरकार ने भी इस प्रोफेशन में जाने के लिए महिलाओं को विशेष प्राथमिकता दी है जो किसी भी प्रोफेशन में नहीं है व विशेष आरक्षण का भी निर्धारण किया गया है जिससे महिलाये आगे बढ़ सके, नर्सिंग एक सेवा का पेशा है जिसको बखुबी सभी नर्सेज़, नर्सिंग अधिकारी मानवीय संवेदनाओं को ध्यान रखते हुए कार्य कर रहे है।

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर, बुधवार, 17 मई- 23 मई 2023

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23

प्रदेश में बाजरा का सर्वाधिक उत्पादन, जोधपुर में बनेगा मिलेट्स का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

5 करोड़ की लागत से बनेगा मिलेट्स का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

बाजरा, रागी, कांगनी की नई किस्मों पर होगा शोध

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जोधपुर। संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से वर्ष 2023 को अन्तरराष्ट्रीय मिलेट ईयर घोषित किया गया है। राजस्थान (विशेषकर पं राजस्थान) बाजरा का सर्वाधिक उत्पादकता वाला राज्य है। राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में बाजरा व अन्य मोटे अनाजों पर शोध-अनुसंधानों को बढ़ावा देने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। कृषि विश्वविद्यालय में प्रस्तावित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बाजरा व अन्य मोटे अनाजों की नई किस्मों पर शोध के अलावा विभिन्न उत्पादों से मूल्य संवर्धन के लिए छोटे उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही, बाजरा उत्पादों के माध्यम से नए उद्यमियों को जोड़ा जाएगा। राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप कृषि विवि में करीब 5 करोड़ रुपए की लागत से सेंटर बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने देश में खाद्य व पोषण संबंधी सुरक्षा में योगदान देने की बहुत अधिक क्षमता को देखते हुए करीब दो वर्ष पूर्व बाजरा को राष्ट्रीय अनाज घोषित किया था। विवि में वर्तमान में बाजरा, रागी, कांगनी सहित अन्य मोटे अनाजों पर शोध चल रहा है। पूरे देश में बाजरे का करीब 70-90 लाख हैक्टेयर क्षेत्र है। इनमें सर्वाधिक बाजरा राजस्थान में करीब 47-50 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में होता है।

सीड हब में हो रहा गुणवत्ता पर काम

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के अलावा राजस्थान में बाजरा का सीड हब जोधपुर व दूसरा तिल का सीड हब सुमेरपुर में संचालित हो रहा है। सीड हब में बाजरा की विभिन्न किस्मों, उनकी गुणवत्ता सुधार, उन्नत बीज उत्पादन व वितरण का काम चल रहा है। जोधपुर में सीड हब मण्डोर स्थित कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे अखिल भारतीय समन्वित बाजरा अनुसंधान परियोजना केन्द्र के अधीन संचालित हो रहा है।

विभिन्न बीमारियों में कारगर

विभिन्न अनुसंधानों में बाजरा में पोषण संबंधी विशेषताएं अन्य अनाजों की तुलना में अधिक पाइ गई। अनुसंधानों के निष्कर्षो के अनुसार, बाजरा में पोस्ट प्रेंडियल ब्लड ग्लूकोज लेवल व ग्लाइकेसिलेटेड हेमोग्लोबिन कम पाया जाता है। जो भारत में तेजी से बढ़ती जा रही मधुमेह बीमारी के निदान में मुख्य भूमिका निभाएगा। इसके अलावा, बाजरा ब्लड प्रेशर आदि बीमारियों के निदान में भी कारगर साबित हुआ है।

> **विवि** परिसर में बाजरा व अन्य मोटे अनाजों पर शोध तो चल ही रह है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का काम प्रगति पर है।
>
> **प्रो बीआर चौधरी,** कुलपति,
> कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

केरल में 4 जून को प्रवेश करेगा मानसून

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। दक्षिण-पश्चिम मानसून इस बार 4 जून को केरल में प्रवेश करेगा। इसी के साथ माना जाता रहा है कि केरल में मानसून की झमाझम के औसतन 20 दिन बाद राजस्थान में प्रवेश करता है। ऐसे में सब कुछ ठीक रहा तो इस बार राजस्थान में मानसून का प्रवेश जून के अंतिम सप्ताह में संभव हो सकता है। जबकि पिछले साल राजस्थान में मानसून ने 30 जून को प्रवेश किया था। उससे पहले वर्ष 2021 में 18 जून को ही मानसून ने राजस्थान में दस्तक दे दी थी। हालांकि आईएमडी का कहना है कि केरल में मानसून के प्रवेश के बाद ही राजस्थान में मानसून की स्थिति को स्पष्ट किया जा सकता है।

राजस्थान में कब-कब आया मानसून

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक आर.एस. शर्मा की माने तो राजस्थान में मानसून के प्रवेश को लेकर पिछले सालों का रेकॉर्ड देखें तो वर्ष 2002 में 30 जून, वर्ष 2021 में 18 जून, 2020 में 24 जून, वर्ष 2019 में 3 जुलाई और 2018 में 27 जून का मानसून का प्रवेश हुआ था। उनका कहना है कि केरल में मानसून पहुंचने के बाद राजस्थान में आने तक मानसून को सामान्यतः 20 दिन लगते हैं। सब कुछ ठीक रहता है तो यही स्थिति बन सकती है। इस बार केरल में मानसून तीन दिन देरी के साथ 4 जून को प्रवेश कर रहा है।

पीएम मोदी की अमरीका यात्रा से पहले न्यूयॉर्क में रैली संबोधित करेंगे राहुल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी को जीत दिलवाने के बाद कांग्रेस नेता और वायनाड के पूर्व सांसद राहुल गांधी 31 मई को 10 दिनों के लिए अमरीका जाने की तैयारी में हैं। इस दौरान राहुल गांधी 4 जून को न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में लगभग 5,000 प्रवासी भारतीयों की रैली को संबोधित करेंगे, बता दें कि, राहुल गांधी के यात्रा के बाद मोदी भी अमरीका जाने वाले हैं। इसके अलावा राहुल गांधी वाशिंगटन और कैलिफोर्निया के पैनल डिस्कशन में हिस्सा लेंगे। साथ ही स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में बतौर स्पीकर लोगों के बीच उनके उपस्थित होने की भी उम्मीद जताई जा रही है। वह अपनी यात्रा के दौरान अमरीका में राजनेताओं और बिजनेसमैन से भी मुलाकात करेंगे। बता दें की राहुल गांधी जब भारत जोड़ो यात्रा के बाद ब्रिटेन गए थे। उस दौरान उन्होंने कुछ ऐसा बयान दिया था, जिसपर जमकर बवाल मचा था।

मोदी भी जांएगे अमरीका

इस बीच पीएम मोदी 22 जून को राजकीय यात्रा के लिए अमरीका जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने पिछले हफ्ते एक बयान में बताया कि अमेरिका में पीएम मोदी की मेजबानी राष्ट्रपति जो बाइडन करेंगे। पीएम मोदी के लिए व्हाइट हाउस में डिनर का भी आयोजन किया जाएगा। बता दें कि, मार्च 2023 लंदन दौरे पर गए राहुल गांधी कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में केंद्र सरकार और भारतीय लोकतंत्र की आलोचना करने के बाद सुर्खियों में आए थे। उन्होंने लंदन में कहा था- "सभी को पता है और यह न्यूज में भी है कि भारतीय लोकतंत्र दबाव में है और उस पर हमले किए जा रहे हैं। मैं विपक्ष का नेता हूं। हम उस जगह को नेविगेट कर रहे हैं।" राहुल के इस बयान पर संसद में भी काफी हंगामा हुआ था। अब अमरीका में राहुल जो भी बोलेंगे मिडिया उनके हर एक शब्द को तौलेगी। उसके बाद मोदी किस तरह का बयान देते हैं, इस पर दुनिया भर की निगाहें टिकी होगी। राहुल गांधी के बयानों के बाद भाजपा के नेताओं ने कहा था की आपकी वजह से देश की छवि धूमिल हुई है, आपको देश से माफ़ी मांगनी चाहिए।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

JHLM NIDHI LTD.
(incorporated under the Companies Act, 2013) Registered by ministry of Corporate Affairs, Govt. of
Reg. No.: U65999RJ2022PLN080795 PAN: AAFCJ5705M TAN: JPRJ10126E

RD, FD सुविधा उपलब्ध

लोकल, वीकली, डेली
वेजेज के लिए
कम कागजी कार्रवाई
में लोन सुविधा

Contach Us
Mo.- +91 85610 88777
Head office : S-30, Second Floor, Dwarika Tower, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur (Raj.) Phone No.: 0141 4047678
Helpline ✆ +91 8824511119 ☎ 0141-4047678

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

- मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
- सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
- असाध्य घाव/शुगर के घाव
- कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
- अचानक बहरापन (Hearing Loss)
- डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायुपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी,
सैक्टर-3, मंदिर मोड,
विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

SBI
हर भारतीय का बैंक

अतिरिक्त बचत
अतिरिक्त वृद्धि

पेश है सर्वोत्तम
(अप्रतिदेय) सावधि जमा

7.90%* तक
वरिष्ठ नागरिकों के लिए

7.40% तक
अन्य के लिए

न्यूनतम जमा राशि: ₹15 लाख से अधिक
योग्यता: डोमेस्टिक और एनआरआई
(*ब्याज दर केवल निवासी वरिष्ठ नागरिकों के लिए लागू होती है)

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
नियम और शर्तें लागू

सहायता के लिए, कॉल करें 1800 1234 या विजिट करें bank.sbi हमें यहां फॉलो करें

SASTRA
ENGINEERING · MANAGEMENT · LAW · SCIENCES · HUMANITIES · EDUCATION
DEEMED TO BE UNIVERSITY
(U/S 3 of the UGC Act,1956)

E-mail: admissions@sastra.ac.in | Phone: 04362 - 350001 (20 lines) | www.sastra.edu

ADMISSIONS 2023-24

THANJAVUR: B.Tech. (with Minor Specializations) / M.Tech. (5-year Integrated) / M.Tech. / B.A.,LL.B. (Hons.) / B.Com.,LL.B. (Hons.) / B.B.A.,LL.B. (Hons.) / M.B.A. / M.C.A. / M.Sc. (2-year & 5-year Integrated) / B.A., B.Ed. / B.Sc., B.Ed. / B.Optom. / M.Optom. / B.Com.

CHENNAI: ❖ 4-Year Honours with exit options B.Com. (with minor specializations) / B.A. (Economics & Public Policy) / B.A. (Journalism & Visual Comm.) / B.A. (Journalism & Electronic Media). ❖ M.B.A. ❖ M.Sc. (AI & Data Science)

KUMBAKONAM: B.Tech. / B.Sc. / B.Com. / B.B.A. / B.C.A. / M.Com. / M.Sc.

MAKE SASTRA YOUR DIFFERENTIATOR

1 Merit Based Admission
2 World Class Infrastructure
3 Contemporary Curriculum
4 Impactful Pedagogy
5 Global Exposure
6 Outstanding Placements
7 Translational Research
8 Extensive Collaborations
9 Socially Connected

Strong Student Engagement in Societal Activities
Category I Institution
Accredited by NAAC (IV Cycle) 3.76/4.00
Featured in THE-QS & Rankings
Internationally Accredited Programmes
Over 13,000 Students with 1,500 Faculty & Staff
150 Ongoing Projects worth Rs 155.84 Cr.
11,338 Publications with H-index 108
90 Patents filed & 18 Patents Granted
Three Government Funded TBIs with 109 Incubatees
Built-up area of over 3,00,000 sq.m.
About 3,000 offers from over 200 Companies

Degree Programmes	Mode of Admission	Last Date for Application Submission	Counselling Date(s)
B. Tech. & M.Tech. (5-year Integrated) (Thanjavur & Kumbakonam Campus)	50% of seats on the basis of normalised +2 aggregate marks & JEE (Main) 2023 Scores 50% of the seats on the basis of normalised +2 aggregate marks	JUNE 24, 2023	Call letter for counselling will be sent by email
5-year Integrated B.A., LL. B. (Hons.) / B.Com., LL. B. (Hons.) / B.B.A., LL. B. (Hons.)	Based on normalised +2 aggregate marks and CLAT 2023 Scores	JUNE 14, 2023	Scan QR to Download Application
M.Tech. / M.Optom.	UG Scores : 50% Scholarship for GATE Qualified students for M.Tech.	Rolling Admissions based on +2 Marks / UG Scores or Exam Scores	
Other Programmes	Based on qualifying degree / +2 marks		

Online Applications can also be submitted at dedicated terminals located in Campus (Tnj. / Kmu.) during working hours.

Apply Online at www.sastra.edu

THINK MERIT | THINK TRANSPARENCY | THINK SASTRA

संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

जागरूक खबरें

मदर्स डे पर पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

पीपाड़ शहर। बिना शर्त के प्यार क्या होता है, यह आप हमारी मांओं से जान सकते हैं। मां हमें जिंदगी देने के साथ जीवनभर प्यार और सीख देती हैं। अगर हम अपनी बिजी लाइफ से एक पल निकालें और सोचे कि आज हम जो कुछ भी बन पाए हैं, उसके पीछे हमारी मांओं का कितना बड़ा हाथ है। हालांकि, हमारी मां के बलिदानों को सम्मान देने के लिए एक दिन काफी नहीं है, लेकिन फिर भी दुनियाभर में मई के दूसरे रविवार को हर साल मदर्स डे मनाया जाता है ताकि मांओं के उस प्यार को सम्मान दिया जाए, जो वह जिंदगी भर हम पर न्योछावर करती हैं। इसी के साथ पीपाड़ शहर समाजसेवी अशोक गहलोत ने एक अनूठी मिसाल पेश की अपनी मां के हाथों पक्षियों के लिए अपने आस पास सैकड़ो परिंडे लगाकर उन्हें अनोखा उपहार दिया उनके लिए कुछ खास करके उनके प्रति अपना प्यार और आभार व्यक्त किया हैं।

भजन संध्या का हुआ आयोजन

केकड़ी @ जागरूक जनता। क्षेत्र के नयागांव मालियान में बीती रात रेगरान समाज की ओर से रेगर बस्ती में स्थित बाबा रामदेव मंदिर चौक पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। कलाकारों ने धार्मिक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन संध्या में मुख्य अतिथि राजस्थान प्रांतीय रेगर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश कांसोटिया व अध्यक्षता कर रहे रैगर समाज केकड़ी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट डीएल वर्मा व अन्य अतिथियों ने समाज के आराध्य बाबा रामदेव व भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व आरती कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश कांसोटिया ने कहा कि समाज में समरसता को कायम रखने के लिए समय-समय पर ऐसे धार्मिक व सामाजिक आयोजनों का होते रहना अति आवश्यक है।

भाजपा की विचारधारा राजनीति नहीं सेवा नीति-गडकरी

23 अक्टूबर को पूर्व उप राष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत की 100वीं जयंती को जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मना रही भाजपा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। सीकर के खाचरियावास में पूर्व उप राष्ट्रपति व राजस्थान के पूर्व सीएम भैरोसिंह शेखावत के जन्म शताब्दी वर्ष के तहत विशाल स्मृति जनसभा का आयोजन किया गया। स्मृति सभा में केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी,केंद्रीय जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड, उपनेता प्रतिपक्ष डॉ सतीश पूनियां और सीकर सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती सहित अन्य सांसद एंव विधायकों ने संबोधित किया। इस दौरान तमाम वक्ताओं ने पूर्व उपराष्ट्रपति स्वर्गीय भैरोसिंह शेखावत को पुष्पांजली अर्पित करने के बाद उनके राजनैतिक और सामाजिक जीवन से जुडे विभिन्न विषयों पर आमजन को संबोधित किया।

केंद्रीय सडक एंव परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भैरोसिंह शेखावत जी ने अत्योंदय विचार के तहत समाज कारण, सेवा कारण,राष्ट कारण और विकास कारण की राजनीति की थी। भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय की अत्योंदय विचारधारा को आगे बढाने में जनसंघ के समय से भैरोसिंह शेखावत जी के जुडाव और समर्पण के बारे में समझाते हुए उन्होने मौजूदा राजनेताओं को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही।

नितिन गडकरी ने कहा कि भैरोसिंह शेखावत जी की सबसे विशिष्ट योजना काम के बदले अनाज देने वाली थी, जिसकी उसकी वर्ल्ड बैंक ने भी तारीफ की थी। इसके अलावा उन्होने महाराष्ट्र के लातूर में किसान आत्महत्या की पीडा को याद करते हुए फार्मर प्रोडयूसर कंपनी नाम के एक उपक्रम शिलान्यास मौके पर भैरोसिंह शेखावत की उपस्थिती का जिक्र भी किया।भाजपा की विचारधारा राजनीति नहीं सेवा नीति है, सेवा करने से वोट मिलते है वोट के लिए जनता की सेवा करनी होती है, केवल राजनीति से वोट नहीं मिलते उन्होने कहा कि भाजपा का उद्धेश्य राज बदलना नहीं है अपितु समाज को बदलना है

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने स्मृति सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भैरोसिंह शेखावत जी राजनीती के अजातशत्रु थे। उन्होने भैरोसिंह शेखावत के राजनीति को ''काजल की कोठरी'' वाले बयान का जिक्र करते हुए कहा कि वे ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होने आजीवन निष्कलंक और शुचिता की राजनीति की थी। गौरा बादल स्टेडियम के एक कार्यक्रम में सुंदर सिंह भंडारी के साथ तांगा चलाकर आमजन तक कार्यक्रम की सूचना पहुंचाने के ढंग की तारीफ करते हुए कहा कि भाजपा इसलिए मजबूत संगठन बना है जहां आम कार्यकर्ता और पदाधिकारी में काम के संबध में कोई फर्क नहीं होता।

नेंता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि खाचरियावास की धरती विचार की धरती है। इस धरती ने भैरोसिंह शेखावत जैसे नेता पैदा किए हैं। स्वंय राजनैतिक जीवन से जोडते हुए उन्होने कहा कि भैरोसिंह शेखावत अपने आप में एक संस्थान और विश्वविद्यालय थे जहां से सीखकर हम जैसे काफी नेता तैयार हुए हैं। वह भैरोसिंह शेखावत जिन्होने प्रदेश में सबसे पहले किसानों का दस हजार रूपए का कर्जा माफ किया था। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड ने प्रदेश की गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भैरोसिंह शेखावत जी के कार्यकाल को याद कर जब गहलोत सरकार की ओर देखता हूं तब मन दुखी होता है कि कर्ज माफी के नाम पर जनता से कैसे छलावा करती है। बिजली बिल माफ करने की अफवाह फैलाकर फ्यूल सरचार्ज बढाकर आमजन पर दोगुना भार डालने का काम किया है। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने स्वर्गीय भैरोसिंह शेखावत को याद करते हुए कहा कि मुझे भाजपा परिवार से जोडने और राजनीति में स्थापित करने वाले भैरोसिंह शेखावत ही थे। उन्होने अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भैरोसिंह जी जब बीमार थे, और अमेरिका में इलाज करवा रहे थे ऐसी गंभीर परिस्थिति में भी कांग्रेस पार्टी द्वारा जयपुर में उनकी सरकार को गिराने की कोशिश की जा रही थी। लेकिन कांग्रेस अपने मंसूबो में विफल रही। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री चंद्रशेखर, घनश्याम तिवाडी,पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी,राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड, सांसद दीया कुमारी, मनोज राजौरिया, जसकौर मीणा, नरपत सिंह राजवी सहित अन्य नेताओं ने सभा को संबोधित किया।

बीमा अभिकर्ता की साधारण मीटिंग आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। साधारण बीमा अभिकर्ता संगठन IFGIAA राजस्थान रिजन की वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम कार्यकारिणी सदस्यों की मीटिंग चौधरी होटल, खातीपुरा मोड़, जयपुर में आयोजित की गई। मीटिंग में IFGIAA के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़, राष्ट्रीय सचिव सुधीर गुप्ता, राजस्थान रिजन अध्यक्ष रविन्द्र गौड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सवाई सिंह भाटी, उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, रिजन सचिव सुनील शर्मा, रिजन कोषाध्यक्ष सौरभ कुमार गोधा सहित जयपुर, जोधपुर, अलवर, भीलवाड़ा, सीकर, ब्यावर से पधारे हुए 45 कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित हुए। मीटिंग में बीमा अभिकर्ता संगठन IFGIAA राजस्थान रिजन के समस्त सदस्यों की सोशल सिक्यूरिटी एवं 31 मई तक संगठन की सदस्यता ग्रहण करनेवाले सदस्यों हेतु GPA (ग्रुप एक्सीडेंट पालिसी) जारी करवाने पर निर्णय किया गया एवं वर्ष 2023-24 में जुलाई माह मे अभिकर्ता महासम्मेलन, जयपुर में करने का निर्णय किया गया। जिसमें पूरे राजस्थान से लगभग 2000 सदस्यों को आमंत्रित करने का भी निर्णय लिया गया। मीटिंग में अभिकर्ता साथियों को वर्ष 23-24 में आने वाली समस्याओं, 8005/805 द्वारा अभिकर्ताओं को क्षति पहुंचाने का प्रयास करने, बीमा सुगम, ओपन आर्किटेक्चर, IRDA द्वारा अभिकर्ता साथियों के लिए आने वाले नियमों पर विस्तृत चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया।

सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, ताकि मच्छरों के काटने से बच सकें-राजपुरोहित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

सिवाना। कस्बे के डाक बंगले में मानव सेवा संस्था के तत्वाधान में भामशाह नरपत सिंह राजपुरोहित लाफा बैग हाउस मुंबई की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश सिंह राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य में 15 दिव्यांगो को मच्छर दानी वितरण की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश सिंह राजपुरोहित ने संबोधित करते हुए कहा कि मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव व रोकथाम को लेकर मच्छरदानी का वितरण किया गया। सभी लोग सोने के वक्त मच्छरदानी का उपयोग हर हाल में करें। मच्छर के काटने से मलेरिया जैसी घातक बीमारी होती है जिससे कई लोग अपनी जान गवां बैठते हैं। मच्छर को रोकने का एकमात्र उपाय मच्छरदानी ही है। जिलाध्यक्ष शांतिदेवी विश्नोई ने कहा कि मानव जीवन को सेवा के माध्यम से ही सफल बनाया जा सकता है। संस्था ने भामाशाह का आभार जताया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष गणपत चौधरी, किशोर कुमार, मुकेश लंगेरा, ओमप्रकाश प्रजापत, मोहन सिंह, दिव्यांग अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार, कार्यालय प्रमुख नकुल कुमार, नारू बोराणा आदि मौजूद थे।

हमारी संस्था अनाथ, दिव्यांग, असहाय लोगों के लिए समय समय पर सेवार्थ कार्य आयोजित कर जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करती है। सेवा ही धर्म के उद्देश्य से हम सभी कार्य करते हैं।

राजकुमार सोढ़ा, जिलासहमंत्री, बाड़मेर

फिर मंडराया लम्पी महामारी का कहर, इमरजेंसी व्यवस्था शुरू

जागरूक जनता @ जोधपुर/ रलावास। राजस्थान में वर्तमान समय कई जिलों के गोवंश में लम्पी स्किन महामारी के लक्षण एक बार फिर दिखाई देने लगे है। इन दिनों विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय में भी लम्पी से पीड़ित गोवंश ईलाज हेतु आ रहे है। जोधपुर गो चिकित्सालय के अध्यक्ष कालुराम प्रजापत ने बताया कि महामण्डलेश्वर स्वामी कुशालगिरी महाराज ने मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. नागेन्द्रसिंह राठौड़, मुख्य इंचार्जो व चिकित्सा टीम के साथ विशेष मीटिंग लेकर गो चिकित्सालय में लम्पी स्किन का अलग से शिविर का निरीक्षण किया, गो चिकित्सालय की मेडिकल टीम को अलर्ट कर दिया है, गो चिकित्सालय में लम्पी से पीड़ित गोवंश को क्वारनटाईन किया जा रहा है जिससे अन्य गोवंश को इस महामारी के चपेट में आने से बचाया जा सके। महामण्डलेश्वर ने देशवासियों से आग्रह किया कि कोई भी गौशालाएं लम्पी से पीड़ित गोवंश नहीं लेती है तो विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय नागौर व जोधपुर के दरवाजे 24 घण्टे खुले है। पिछली बार जब लम्पी स्किन महामारी आई थी तब राजस्थान में लाखों गोवंश अकाल मृत्यु के शिकार हुए उस समय सभी गौशालाओं ने हाथ खड़े कर दिये तब विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय ने 6 करोड़ रूपये खर्च कर देश का सबसे बड़ा लम्पी स्किन डीजीज शिविर लगाकर युद्ध स्तर पर लम्पी से पीड़ित गोवंश की सेवा की।

साथ ही महामण्डलेश्वर ने देश के सभी गोपालकों को कहा कि इस महामारी को पिछली बार की तरह हल्के में न लेकर समय रहते इस पर काबु पाये ।

ANCHOR सिरोही स्वास्थ्य विभाग

जिम्मेदारों की कार्यशैली गम्भीर सवालो के दायरे में जवाब मांगते यह सवाल....?

नांदिया व वराडा में UTB बेस पर कार्यरत डॉक्टर फिर भी पोस्ट नहीं दिखाई रिक्त जिम्मेदार कौन..?

ग्रामीणों को अब कैसे मिलेगा स्थानीय डॉक्टर, अस्थाई डॉक्टरों के भरोसे कब तक चलेगी व्यवस्था ..?

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

सिरोही। ज़िले में स्वास्थ्य व्यवस्था मानों भगवान भरोसे है। और जिम्मेदार बेखबर है या आँखें मूंदकर बैठे हैं। जिनके जिम्मे आम जनता को राहत दिलाने की बड़ी जिम्मेदारी है। वो जनता के हितों को दरकिनार करके अपना उल्लू सीधा करने पर तुले है जो कई सवाल खड़े कर रहा है। हैरत की बात तो यह है कि इस पर कोई एक्शन लेना भी समुचित नहीं समझता। चाहे जनता को बाद में इलाज के लिए दर दर की ठोकरे खानी पडे तो भी कोई अपनी जिम्मेदारी समझना तक मुनासिब नहीं समझता। एक ऐसा ही सनसनीखेज मामला सामने आया जिसने जिम्मेदारों की कार्यशैली व भूमिका पर गम्भीर सवाल खड़े कर दिये हैं। जानकारी अनुसार चिकित्सा अधिकारी भर्ती सन 2022-23 में राज्य सरकार ने PHC व CHC यानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों परडॉक्टरों के रिक्त पदों की सूची ष्ट्रस्रह्न से मांगी थी, ताकि जिले में डॉक्टर के रिक्त पोस्ट पर नियमित डॉक्टरों की नियुक्ति की जा सके। वही सिरोही मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी ने पिण्डवाड़ा ब्लॉक के नांदिया गाँव और वराडा में डॉक्टर के रिक्त पद को नहीं बताया जबकि दोनो जगह पर अस्थाई तौर पर यानी UTB के आधार पर डॉक्टर लगे हैं।

विभागीय जिम्मेदारों से जवाब मांगते यह सवाल...?

यदि पूर्व में रिक्त पद बताया होता तो आज दोनों जगह परमानेंट डॉक्टर की नियुक्ति हो जाती। जबकि रिक्त पद नहीं बताने के पीछे क्या मंशा और क्यो नही बताया गया इसका जवाब भी उक्त गाँव की जनता मांग रहीं हैं ..? साथ ही जिस जगहों पर रिक्त पद बताया गया वहां पर UTB के डॉक्टरो को सरकार द्वारा हटाकर नियमित डॉक्टरों की नियुक्ति भी की जा चुकी है। सबसे बड़ा सवाल पिण्डवाड़ा ब्लॉक के नांदिया में व सिरोही ब्लॉक के वराडा में UTB के आधार पर कार्यरत डॉक्टर किसके चेहते या यूं कहें कबतक भाई भतीजा वाद का खामियाजा जनता को जनता को भुगतना पड़ेगा....? क्या प्रदेश के चिकित्सा मंत्री करेगे इस पर मंथन..? सरकार के भ्रष्टाचार पर जीरो ट्रॉलेन्स के सपनो पर सिरोही ज़िले में कई लग तो नही रहा पलीता..? क्या UTB बेस पर लगाये गये डॉक्टर नांदिया व वराडा में नियमित सेवा दे रहें ..? यदि नही तो इसका जिम्मेदार कौन..? ओर सेवा दे रहें होते तो वराडा के ग्रामीणों को UTB बेस पर कार्यरत डॉक्टर को हटाने के लिये जिला कलेक्टर सिरोही को पत्र क्यो लिखना पड़ता..? एक भाई के पास तीन पद तो दूसरे को UTB पर लगाया और पद खाली न बताकर दिखाई मेहरबानी इसका जिम्मेदार कौन..?

ग्रामीणों ने UTB पर लगे अस्थाई डॉक्टर को हटाने की उठाई मांग

जिम्मेदारों की इस प्रकार की लचर कार्य शैली से अब जिले वासियो के साथ साथ ग्रामीणों में भी दिनों दिन जमकर आक्रोश उपज रहा है। जानकारी के अनुसार अस्थाई डॉक्टरों को हटाने को लेकर जिला कलेक्टर को ग्रामीणों ने एक पत्र लिखकर अस्थाई डॉक्टर को तुरंत प्रभाव से हटाकर, उनकी जगह नियमित डॉक्टर लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने सवाल उठाते हुये पत्र में जिक्र किया है कि अस्थाई डॉक्टर ड्यूटी पर भी कभी कभार केंद्र पर आते हैं। जिससे ग्रामीणों को इलाज के लिये भारी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। साथ ही ग्रामीणों को दर दर की ठोकरे खानी पड़ रहीं हैं। इस पत्र के बाद कई सवाल उठना भी लाजिमी है। आखिर राज्य सरकार के आँखों मे इस तरह धूल झांकने कर रिक्त पोस्ट नहीं बताकर ग्रामीणों को स्थाई डॉक्टर से वंचित करने वाले डॉक्टरों पर कौन नकेल कसेगा ..?

विषय मेरे संज्ञान में नहीं था, अब ध्यान में आया तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जोगेश्वर गर्ग संयुक्त निदेशक जॉन जोधपुर

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.com
विश्वसनीय समाचार पत्र

जो दिखेगा वही बिकेगा

जी हाँ,यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।

आज ही बुक करें विज्ञापन

आपके व्यापार की तरक्की जागरूक जनता के साथ

विज्ञापन क्लासीफाइड डिस्प्ले प्रॉपर्टी वैवाहिक

विज्ञापन बुक करें : 9928022718 9829329070

जनकल्याणकारी बजट के लिए सीएम गहलोत का जताया आभार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

पीपाड़ शहर। नगर पालिका अध्यक्षा समुदेवी सांखला द्वारा पीपाड शहर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं पार्षदों के साथ राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से हरियाढाणा में मुलाकात कर उनके द्वारा पीपाड़ शहर में सिवरेज कार्य के लिये 87 करोड रूपये का बजट आवंटन करने हेतु आभार व्यक्त करते हुये पीपाड शहर के विकास कार्यो एवं मुख्यमंत्री राहत शिविरों, प्रशासन शहरों के सगं की प्रगति से अवगत करवाते हुये बताया कि हमारी पालिका आपके निर्देशो की पालना में सभी कार्यो में जिले में प्रथम स्थान पर चल रहें है। मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा उनका अभिवादन स्वीकार करते हुये अपने चिर परिचत अन्दाज में हंसते हुये अध्यक्ष महोदया समुदेवी की उनके स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी ली एवं सरकारी योजनाओं में पीपाड नगर पालिका द्वारा किये गये कार्यो की प्रशंसा करते हुये आगे भी इसी तरह आम जन के राहत के कार्य करने हेतु कहा गया।

इस दौरान पालिका उपाध्यक्षा अफसाना भाटी, मडल अध्यक्ष बाबूलाल टाक, नगर अध्यक्ष अमराराम भाटी, पार्षद नरेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र कुलदीप,नृसिह टाक, संतोष पंडित, मोहनलाल सोनेल, मोहसिन गौरी, चांद मो कुरेशी, मनोनीत पार्षद सोहनलाल सांखला, जनप्रतिनिधि मिसाराम सांखला, राज ग्रुप के सुरेश कच्छावाह, युवा नेता कैलाश टाक, सत्यनारायण मालाणी, करणाराम कच्छावाह, बक्साराम कच्छावाह, हनुमान शर्मा सहित पीपाड शहर के नागरिक बडी संख्या में उपस्थित थे।

मेड़ा जागीर में आयोजित महंगाई राहत शिविर में 90 प्रतिशत से अधिक लोग हुए लाभाविन्त

जागरूक जनता @ सांचौर। क्षेत्र की मेडा जागीर ग्राम पंचायत में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे महंगाई राहत शिविर का आयोजन शिविर प्रभारी अमीन खान नायब तहसीलदार की मौजूदगी में किया गया। शिविर के दूसरे व अंतिम दिन मंगलवार को करीब 90 प्रतिशत से अधिक परिवारों के लोग लाभान्वित हुए। शिविर प्रभारी ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा आमजन को महंगाई से राहत देने के लिए कुल 9 योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है आमजन योजनाओं में लाभ के लिए रूचि ले रहे हैं आमजन को योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी दी जाकर योजनाओं के लाभ के लिए प्रेरित किया गया। योजनाओं में अन्नपूर्णा राशन पैकेट, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा व दुर्घटना बीमा, मुख्यमंत्री नि शुल्क बिजली, इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क कृषि बिल योजना, कामधेनु बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना व ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना सहित अन्य? सभी योजनाओं के लाभार्थियों को हाथोंहाथ मुख्यमंत्री गांरटी कार्ड वितरित किया गया। शिविर में कुल 1118 परिवार महंगाई राहत शिविर से लाभांवित हुए साथ ही शिविर में 7 बंटवारा, 23 सम्मानजनक, 3 नाम शुद्धिकरण व 30 म्यूटेशन सहित तमाम राजस्व कार्य किए गए जिससे किसानों को हाथोंहाथ लाभ मिला।

90 वर्षीय अम्बा देवी ने किया बंटवारा व शांता देवी व दाड़म देवी को मिला 9 योजनाओं का फायदा

प्रशासन गांवों के संग अभियान व महंगाई राहत शिविर में मंगलवार को दूसरे दिन ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। शिविर के दौरान 90 वर्षीय अम्बा देवी ने अपने खेत का बंटवारा किया गया जिससे परिवार के 21 सदस्य लाभान्वित हुए साथ ही शिविर में 9 योजनाओं का लाभ मेडा जागीर निवासी शांता देवी, दाड्म देवी व मोरी देवी को राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी 9 योजनाओं का फायदा मिला। वहीं शिविर में नये आवेदनकर्ता मंछाराम व सुंदर देवी को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ मिलना शुरू होगा।

शिविर में यह रहे मौजूद

शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार अमीन खान, बीसीएमओ डॉ ओपी सुथार, सीबीईओ पीसी लोहमरोड़ आरआई मांगीलाल, पीईईओ घेवरलाल, सरपंच पुरी देवी, प्रधानाचार्य रामेश्वरी विश्नोई, वीडीओ राजी बाई विश्नोई व पटवारी सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे

रिजल्ट में टॉपर स्टूडेंट्स को किया सम्मानित

निर्मला ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह में स्टूडेंट्स को मिले सफलता के टिप्स

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। रावत पब्लिक स्कूल, प्रतापनगर में सीबीएसई के रिजल्ट्स में 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने अपनी रिकॉर्ड सफलता हासिल की है। 10वीं कक्षा में स्कूल टॉपर काजल बत्रा रहीं, जिन्होंने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके सफलता हासिल की। हर्षित कुमार और अमन गुर्जर ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके टॉपर लिस्ट में नाम अंकित किया। लगभग 45 से अधिक बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक और लगभग 15 बच्चों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

12वीं कक्षा की ह्यूमैनिटीज, कॉमर्स और साइंस स्ट्रीम के लगभग 50 से अधिक बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक और लगभग 25 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल टॉपर 96.8% अंक प्राप्त करके कॉमर्स स्ट्रीम के नैमिष दाधीच रहे। ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विवेक यादव ने टॉप किया। साइंस स्ट्रीम में बायो में मेहा चौधरी ने 93.6 प्रतिशत प्राप्त कर और मैथ्स में दिव्याक्ष चाचन ने 94.8% अंक प्राप्त कर टॉप किया। इन सभी विद्यार्थियों और इनके अभिभावकों का निर्मला ऑडिटोरियम में भव्य स्वागत किया गया। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत ने सभी टॉपर्स को बधाई देकर उनकी प्रशंसा की। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय में प्रतिवर्ष विद्यार्थी अव्वल नंबर लाकर विद्यालय को गौरवान्वित करते हैं। उन्होंने बताया कि एनुअल डे में सभी टॉपर्स को रावत गौरव और रावत प्रतिभा अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय की प्रिंसिपल मैत्रेयी शुक्ला ने सभी अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और विद्यार्थियो को बधाई दी।

पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने जनसंघर्ष यात्रा के समापन पर किया नई पार्टी का इशारा, बैनर में हाथ की बजाय दिखी हाथ में मशाल, सियासी गलियारों में होती रही चर्चा

सचिन पायलट के बैनर में हाथ की बजाय मशाल, नई पार्टी का इशारा, सियासी गलियारों में चर्चा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जन संघर्ष यात्रा
जन संघर्ष यात्रा

जयपुर। पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट की जनसंघर्ष यात्रा का समापन सोमवार को जयपुर में आमसभा से हुआ। कार्यक्रम के मंच और पंडाल तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भरा था लेकिन तेवर एकदम विपक्ष सरीखे। ऐसा लगा कि राज्य में विपक्ष की भूमिका अब कांग्रेस के असंतुष्ट विधायकों के धड़े ने संभाल ली है।

जनसंघर्ष यात्रा के समापन का बैनर भी अपने आप में बहुत कुछ ऐसा ही बोल रहा था। कार्यक्रम में सर्वाधिक चर्चा बैनर पर कांग्रेस के चुनाव चिह्न हाथ की बजाय हाथ में मशाल थामे चित्र की है। यह चित्र पायलट के नई दिशा पकड़ने की तरफ इशारा करता नजर आया। फिलहाल राज्य में किसी भी दल को यह चिह्न आवंटित नहीं है लेकिन महाराष्ट्र में शिवसेना का यह चुनाव चिह्न है। लिहाजा राज्य में यह किसी को आवंटित नहीं हो सकता। बैनर पर एक तरफ महात्मा गांधी, भीमराव आम्बेडकर और भगत सिंह की तस्वीर लगाई गई। साथ ही दूसरी तरफ जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी को जगह दी गई है। बैनर में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा व मल्लिकार्जुन खरगे को जगह नहीं दी गई।

असंतुष्ट धड़ा घटा-बढ़ा

कांग्रेस के जो 19 विधायक मानेसर गए थे, उनमें से 12 मंच पर नजर आए। जो सभा में शामिल नहीं हुए, उनमें से 4 फिलहाल मंत्री और एक विधायक हैं। दो विधायकों का पहले ही निधन हो चुका है। खास बात यह रही कि इस धड़े में अब 4 नए विधायक जुड़े गए हैं। यह वे विधायक हैं जो अब तक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ थे। समापन सभा में 28 मौजूदा और पूर्व विधायक, 5 विभिन्न बोर्डों के अध्यक्ष, 7 प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी, 10 जिला अध्यक्ष और लोकसभा एवं विधानसभा में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लडने वाले 17 प्रत्याशी नजर आए।

जिनके पास दुधारू गाय, भैंस है, वे ही महंगाई राहत कैम्प में करवाए पंजीयन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। प्रदेश में महंगाई राहत कैम्प में राज्य सरकार की दस विशेष योजनाओं का लाभ देकर प्रदेश वासियों को बढ़ती महंगाई से राहत देकर प्रदेशवासियों को उच्च जीवन शैली की कल्पना को साकार करने का प्रयास किया जा रहा है। विशेष दस योजनाओं के अंतर्गत मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना के तहत अब दो दुधारू गौवंश के साथ दुधारू भैंस का बीमा भी निःशुल्क किया जायेगा। वही पशुपालकों के द्वारा महंगाई राहत कैम्प में मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना में बड़ी संख्या में पंजीयन करवाए जा रहे है, साथ ही शिविर में पशुपालन विभाग से सम्बंधित अन्य योजनाओं के लाभ की जानकारी भी दी जा रही है। पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना पशुपालकों एवं उन्नत पशुधन विकास के लिए महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि दो दुधारू गाय या भैंस का निःशुल्क बीमा होने से पशुपालक अब निश्चिन्त होकर पशुपालन कर सकेंगे।

संस्कृति स्कूल ने मारी बाजी, परिणाम रहा शत-प्रतिशत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

अजमेर। सी.बी.एस.ई. 2023 के कक्षा दसवीं के नतीजों मे संस्कृति द स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी कुशलता का परिचय दिया। स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। ग्रन्थ गुरूदासानी ने 94.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं र्स्पूहा तेलाग ने 94 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया व आकृति व स्वाति शर्मा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान किया वही शिवांगी तोषनीवाल, सार्थक बाकलीवाल, केशव अग्रवाल, छवी जैन, रीया पेसवानी, आनवी शर्मा, ध्रुव गखड़, रिधिमा खण्डेलवाल ने भी 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरान्वित किया। बारह विद्यार्थियों ने 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व शिक्षकों को गर्व महसूस करवाया। दो विद्यार्थियों ने (ग्रन्थ गुरदासानी व सार्थक बाकलीवाल) आई. टी में शत प्रतिशत अंक अर्जित किये । 12वीं कक्षा के नतीजों में संस्कृति द स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। स्कूल का परिणाम शत् प्रतिशत रहा। विद्यालय के परीक्षा परिणाम में कला वर्ग में अंजना शेख 97.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल टॉपर रहीं, त्रिषा सिंह द्वितीय व विजय लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रही। विज्ञान वर्ग में 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपूर्व गोयल प्रथम व दक्ष गुप्ता द्वितीय व वृन्दा बंशल व प्रशमन तंवर तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य वर्ग में ऐरा डगरा ने 92.8 प्रतिशत के साथ प्रथम प्रभव गोयल द्वितीय व राहुल राजपुरोहित तृतीय स्थान पर रहें। अंजना शेख ने मनोविज्ञान में 100 प्रतिशत अंक अर्जित किये। विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को व अपने माता-पिता एंव परिश्रम को दिया। विद्यालय के प्राचार्य ले. कर्नल ए. के. त्यागी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी एंव उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की वहीं शिक्षकों को अधिक उत्साह के साथ कार्य करने को प्रेरित किया।

अष्टादश कल्याण महाकुंभ का भव्य आयोजन 3 जून से

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

निंबाहेड़ा। मेवाड के प्रसिद्ध श्री शेषावतार कल्लाजी वेदपीठ एवं शोध संस्थान तथा श्री कल्लाजी मंदिर मण्डल न्यास द्वारा अष्टादश कल्याण महाकुंभ का भव्य आयोजन ज्येष्ठ शुक्ला चतुर्दशी से आषाढ़ कृष्णा अष्टमी यानि 3 से 11 जून तक कल्याणनगरी में आयोजित किया जायेगा जिसकी व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। वेदपीठ के पदाधिकारियों ने बताया कि आध्यात्मिक, वैदिक एवं लौकिक, त्रिधारा के दिव्यपुंज, ब्रम्हनिष्ठ, वेदमूर्ति, मेदपाट मणिभूषण, धरादित्य, परम् शौर्यशाली श्री शेषावतार कल्लाजी, वेदमाता गायत्री, स्कंद माताजी, पंचमुखी हनुमानजी एवं काल भैरव के श्रद्धापूरित विग्रहों के अष्टादश कल्याण महाकुंभ में मेवाड़, मालवा, वागड, गुजरात, हाड़ौती, मारवाड सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भाग लेंगे।

7 करोड राम नाम के मंत्र जाप

अष्टादश कल्याण महाकुंभ के उपलक्ष्य में चैत्र शुक्ला प्रतिपदा 22 मार्च से अब तक वेदपीठ के आचार्यो बटुको, कल्याण भक्तों, वीर वीरांगनाओं के साथ ही नगर के देवालयों, मंदिरों एवं प्रभात फेरी मण्डलों द्वारा लगभग 7 करोड राम नाम के जाप किये जा चुके है जबकि आगामी तीन जून तक सवा 11 करोड मंत्र जाप का लक्ष्य रखा गया है जिसके लिए वेदपीठ की ओर से समस्त भक्तों एवं श्रद्धालुओं को भागीदारी निभाने का आग्रह किया गया है।

पदयात्रा 21 को

अष्टादश कल्याण महाकुंभ के प्रथम चरण में ज्येष्ठ शुक्ला द्वितीया रविवार यानि 21 मई को भव्य एवं विशाल आध्यात्मिक कल्याण महापदयात्रा आगामी 21 मई को निकाली जायेगी जिसके लिए हजारों श्रद्धालु प्रातः सवा 4 बजे वेदपीठ पर ठाकुरश्री के दर्शन कर शक्ति और भक्ति की पावन धरा चित्तौडगढ दुर्ग के लिए रवाना होकर दुर्ग मार्ग स्थित ठाकुर जी की छतरी पर दर्शन उपरांत पुनः कल्याण नगरी रवाना होंगे।

मंसूरी आयोग के गठन की मांग को लेकर मंसूरी समाज हुआ लामबंद

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। लंबे समय से उठ रही मंसूरी समाज के द्वारा मंसूरी आयोग के गठन की मांग जोर पकड़ती जा रही है। हाजी महबूब भाई प्रदेश उपाध्यक्ष ऑल इंडिया मंसुरी समाज का कहना है कि राज्य भर में मंसूरी समाज के लगभग 40, लाख मंसूरी राज़, में निवास करते है और पूरे भारत 5,करोड़ की तादाद में मंसूरी समाज़ देश की उन्नति में अपना योगदान देता आया है। आल इंडिया मंसूरी समाज़ के प्रदेश अध्यक्ष हाजी रियाज़ अहमद मंसूरी वह प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी महबूब भाई अपने समाज़ के शिष्मण्डल के साथ मुख्य मंत्री अशोक गहलोत को गहलोत सरकार के केबिनेट मंत्रियों को मांग पत्र देकर मांग कर चुके है वह हाजी महबूब भाई कई बार मुख्यमंत्री साहब से इस संदर्भ में मिल चुके है समय समय पर गहलोत सरकार को कई बार मंसूरी आयोग के गठन की मांग को लेकर पत्राचार के माध्यम से मांग की लेकिन गहलोत सरकार है कि सुनने का नाम ही नहीं ले रही है, वही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अन्य समाजों को लेकर कई आयोगों का गठन किया है लेकिन बदकिस्मती रही मंसूरी समाज की जो अभी तक पूरी नहीं हो पाई। इसके लिए मंसूरी समाज के प्रबुद्ध नागरिकों के द्वारा बड़े स्तर पर मीटिंग का दौर सामाजिक स्तर पर जारी है। वही गुस्साए हुए मंसूरी समाज के नव युवाओं में आक्रोश है। समाज के युवाओं की मांग है कि गहलोत सरकार यदि मंसूरी समाज की अनदेखी करती है तो आने वाले विधानसभा चुनाव में गहलोत सरकार को इसका जवाब दिया जाएगा। मंसूरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर राज्य अध्यक्ष तथा जिला इकाई अध्यक्ष सभी लोग मीटिंग पर मीटिंग कर रहे हैं। इस समाज का मुख्य कार्य रुई पिनाई, तेल घानी मुख्य व्यवसाय रहा है। समाज की आर्थिक स्थिति व शैक्षणिक स्थिति खराब होने से समाज लगातार पिछ्ता चला गया। पीछड़ते हुए समाज को देखकर प्रबुद्ध नागरिकों ने मंसूरी आयोग दुनकर आयोग के गठन की मांग कर सरकार से अपना हक मांगने के कवायद लगातार करने लगे। राज्य सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती मंसूरी समाज होगा यदि राज्य सरकार उनकी मांगों पर ध्यान न देकर अनदेखी करती रही तो परिणाम विपरीत असर डाल सकते हैं। समाज के सेवाभावी नागरिकों का कहना है कि सरकार हमारी मांगों को जायज समझते हुए पूरा करने के लिए आगे आए अन्यथा विधानसभा चुनाव सामने है? समाज के लोगों का कहना है कि जो हमें हमारा हक देगा वही हम पर राज करेगा। इसी क्रम में आगामी कुछ ही दिनों में जिला मुख्यालय भीलवाड़ा से मंसूरी समाज के युवा मुबारक हुसैन मंसूरी उपरेडा द्वारा जिला मुख्यालय भीलवाड़ा से रायला विजयनगर बांदनवाड़ा नसीराबाद अजमेर किशनगढ़ दूदू और जयपुर तक पूर्ण एवं अहिंसात्मक तरीके से एवं गांधीवादी विचारधारा के साथ पैदल यात्रा मंसूरी समाज के मंसूरी विकास बोर्ड विकास बोर्ड /धुनकर विकास बोर्डका गठन करवाए जाने एवं मंसूरी समाज के सामाजिक उत्थान के लिए राज्य सरकार से समाज हित में योजनाएं लागू करवाने की मांग की मांग करेंगे एवं मुख्यमंत्री महोदय मुख्यमंत्री महोदय से मुख्यमंत्री महोदय मुख्यमंत्री कार्यालय एवम् मुख्यमंत्री आवास जयपुर एवं तक पैदल चलकर तक पैदल चलकर पिछड़े हुए मंसूरी समाज के शैक्षणिक व्यवसायिक पिछड़ेपन का हालात माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं विधानसभा अध्यक्ष महोदय तक पहुंचाकर मंसूरी आयोग का गठन शीघ्र करवाए जाने की मांग करेंगे संभावना है कि मुबारक हुसैन मंसूरी उपरेड़ा के साथ भीलवाड़ा जिले के अनेक गांव से एवं प्रदेश स्तर के अनेक लोग इस पैदल यात्रा में शामिल होकर जयपुर तक कुचकर सकते हैं।

ANCHOR

मदर्स डे

जसधारी गोरां धाय मां को समर्पित मातृ दिवस

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जोधपुर। माली समाज महिला ग्रुप द्वारा आज फर्न रेजिडेंसी रातानाडा में मातृ दिवस सेलिब्रेट किया गया। रीशिका गहलोत ने बताया कि माली समाज महिलाओं की अनूठी पहल की हमारे माली समाज के जस धारी गोरां धाय टाक माँ के बलिदान को जन-जन तक पहुंचाया जाए इसी उद्देश्य से यह मातृ दिवस गोरां धाय को समर्पित किया *कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आर ए एस श्रीमती प्रभा टाक ने जसधारी गोरां धाय की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया* कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कीर्ति कछवाहा निर्देशक वित्त विभाग जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सैनिक क्षत्रीय माली सांस्कृतिक संवर्धन एवं इतिहास शोध संस्थान के अध्यक्ष आनंद सिंह परिहार मौजूद रहे। 1300 के ग्रुप में से 300 महिलाओं ने कार्यक्रम में आकर अपनी भूमिका निभाई महिलाओं में कार्यक्रम शुरू हुआ महिलाओं ने गोरां धाय व माँ पर अपने विचार व्यक्त किए प्रभाती टाक ने महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया व हर महिला अपनी बेटी व बेटे दोनों को संस्कारित करें यह काम एक माँ कर सकते हैं। कीर्ति कछवाहा ने मां और बच्चों के बीच परिवार में सामंजस्य व समन्वय बना रहे पर जोर दिया आनंद सिंह जी परिहार ने सभी महिलाओं को इतिहास की जानकारी रखने पर जोर दिया अपने माली समाज की जितनी भी वीरांगना हुई है उनके बारे में अध्ययन करने के लिए कहा और रोज न्यूज़ पेपर पढ़ने के लिए जोर दिया व गोरां धाय मां के इतिहास के बारे में जानकारी दी। मंच पर आकर बोलने की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियंका गहलोत, द्वितीय स्थान बबीता व तृतीय स्थान मनी देवड़ा का रहा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कई महिलाओं ने बाजी मारी सभी प्रतिभागियों को उपहार दिए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन कुसुमलता परिहार ने किया।

इनका रहा सहयोग : रीशिका गहलोत, कुसुमलता परिहार कल्पना चौहान, आशा कछवाहा, एकता परिहार, लक्ष्मी गहलोत, पिनू सैनी, विनीता गहलोत, माया गहलोत, निधि परिहार, इंदु लक्ष्मी गहलोत।